## राष्ट्रीय परिषद अधिवेशन से जीत का संकल्प लेकर लौटेंगे भाजपाई

**रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय परिषद अधिवेशन दिल्ली में 17 एवं 18 फरवरी को हो रहा है, जिसमें पूरे देश भर के राज्यों के जिलों के साथ-साथ रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से भी लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक, जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष, वर्तमान विधायक और एमएलसी शामिल होंगे। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद अधिवेशन में विश्व के लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृहमंत्री सहित भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। लोकसभा प्रभारी ने बताया कि इस दो दिवसीय अधिवेशन में शामिल होने वाले प्रतिनिधि राष्ट्रीय नेताओं का सांगठनिक एवं चुनावी ज्ञान और मार्गदर्शन प्राप्त करके 2024 के लोकसभा चुनाव में "अबकी बार रायबरेली लोकसभा भी पार" जीतने का संकल्प लेकर वापस लौटेंगे।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**संवाददाता, रायबरेली**

▶▶ **इस्लामिया इंटर कॉलेज राही में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह**

**अमृत विचार।** शहर से सटे ग्रामसभा राही में संचालित होने वाले इस्लामिया इंटर कालेज, मकबूलगंज में धूमधाम से वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजीव यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए इस क्षेत्र के विकास का वादा किया। कहा कि इस कार्यक्रम में छात्राओं ने ही अधिकांश प्रस्तुतियां की। सरकार ने आधी आबादी के विकास के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करके उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। छात्राएं अच्छे अंकों के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करके देश के विकास में योगदान दें।

वार्षिकोत्सव में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा उपस्थित जन समुदाय का मान मोह लिया। हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू में भाषण देकर बच्चों ने अपनी अलग छाप छोड़ी। एकल व संयुक्त नृत्य के अलावा 'शरारती बच्चे व अध्यापक' एवं गोलियों के तड़ताहट के बीच 'वीर सैनिक व आतंकवाद' नाटक का भी मंचन किया गया, जिसे सभी ने सराहा। वरिष्ठ समाजसेवी हाजी लाल खां, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, फौजी राम प्रकाश वर्मा, सायबा बानो, कंचन, मो. अयाज़ आदि मौजूद रहे।



इस्लामिया इंटर कॉलेज राही में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

# सोनिया के पत्र से बढ़ी सियासी हलचल, विरोध में उतरे भाजपाई



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह



भाजपा पूर्व सांसद एवं अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह

▶▶ **गांधी परिवार पर तंज कसते हुए बोले- हार के भय से सीट छोड़कर जा रहीं सोनिया**

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिले की राजनीति में सोनिया गांधी के भावुकता भरे पत्र ने सियासी भूचाल ला दिया है। एक ओर जहां पत्र के माध्यम से सोनिया गांधी ने गहरा नाता जोड़ते हुए प्रियंका वाड्रा के लड़ने के संकेत दे दिए हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपाई इसे हार से बचने का तरीका बता रहे हैं। साथ ही एक बार फिर जनता को गुमराह करने की कोशिश कह रहे हैं। हालांकि भाजपा के अलग-अलग कद्दावर नेताओं ने सोनिया गांधी के इस निर्णय पर करारा प्रहार करते हुए कहीं न कहीं जनता के बीच यह संदेश देने का प्रयास किया है कि आगामी चुनाव में सांसद के नहीं आने को प्रमुखता से मुद्दा बनाएंगे।

गुरुवार का दिन जिले की राजनीति के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है। एक तरफ सोनिया गांधी से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के साथ ही जिलेवासियों के लिए भावुकता भरा पत्र लिखा गया। वहीं परिवार के सदस्य के हाथ में बागडोर सौंपने की बात लिखने से प्रियंका के राजनीति शुरूआत को सहमति के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे में सत्ताधारी दल भाजपा का विरोध स्वाभाविक है।

अमेठी के बाद रायबरेली में कमल खिलाने कोशिश में लगे दिग्गजों ने इस अवसर को खाली नहीं जाने दिया। इसके सहारे एक के बाद एक कई प्रहार किए। जिला मुख्यालय पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने सीधे तौर पर सोनिया गांधी पर हमलावर दिखे। वहीं लालगंज में भाजपा नेता पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने आड़े हाथों लेते हुए जिले में भाजपा की जीत का दावा किया। अब चाहे जो भी हो लेकिन यह आने वाला समय ही बताएगा कि कौन किस पर कितना भारी पड़ता है।

### जिले में प्रियंका का ग्लैमर नहीं करेगा काम

सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने और भावुकता भरे पत्र राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने पलटवार कर गांधी परिवार पर खूब तंज कसा। उन्होंने कहा कि अमेठी के बाद रायबरेली को गांधी परिवार ने धोखा दिया। यहां पर यदि प्रियंका लड़ती हैं तो उनका ग्लैमर काम नहीं करेगा। भारी वोटों से हार होगी। राहुल गांधी द्वारा न्याय यात्रा शुरू करने से पहले रायबरेली व अमेठी की जनता का न्याय करना चाहिए। यह यात्रा रायबरेली और अमेठी के लिए धोखा यात्रा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी फीरोज गांधी को अपना दादा मानने को तैयार नहीं थे। सोनिया गांधी ने स्वयं फीरोज गांधी की मूर्ति लगवाने से मना किया। ऐसे में उनके नाम से वोट लेना चाह रही हैं। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य के लिए कहा कि यदि वह बीजेपी में आना चाह रहे है तो शीर्ष नेतृत्व विचार करेगा।

### 'नामदार' नहीं बल्कि 'कामदार' का जनता करेगी समर्थन : राघवेंद्र सिंह

भाजपा पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने सोनिया के पत्र पर तंज कसते हुए कहा कि रायबरेली वासियों को अपना परिवार कहती हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में एक बार भी अपने परिवार से मिलने नही आयीं। जबकि इस दौरान वो अपने खुद के परिवार संग बाहर जाती रहीं। कई देश-विदेश के दौरे किये। रायबरेली की जनता इस बार 'नामदार' नहीं बल्कि 'कामदार' का जनता समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में एक बार भी न जाकर लोकतंत्र का अपमान किया है। सच यह है कि 'स्वास्थ्य' के कारण नही बल्कि 'हार' के कारण रायबरेली छोड़ रही हैं। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार ने रायबरेली क्षेत्र के लोगों का जीवन बदला है। भाजपा सरकार में सुविधाएं पाकर लोग न केवल खुश हैं बल्कि मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के भागीदार बने हैं। उन्होंने खुले तौर पर कहा कि एक बार सोनिया जी जनता के बीच चली जाए तो हकीकत खुद ही पता चल जाएगा। पत्र के माध्यम से अब कोई बहकावे में नहीं आने वाला है।

# नियमों को ताक पर रखकर हो रहा प्लाटिंग का खेल

▶▶ **सरकारी जमीन तक बेच रहे भूमाफिया आंखे बंद किए हैं जिम्मेदार**

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** शासन ने भूमि की प्लाटिंग, बिक्री के लिए कड़े नियम जारी किए है, तकि अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लग सके और सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो, लेकिन ऊंचाहार में गांव-गांव फैला प्लाटिंग का मकड़जाल सारे नियमों को धता बता रहा है। भूमाफिया सरकारी जमीन तक बेंच रहे हैं। जिम्मेदार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है ।

वर्तमान में कस्बे से जुड़े क्षेत्र के कई गांवों में भूमि प्लाटिंग का काम चल रहा है। सारी प्लाटिंग अवैध है, लेकिन निबंधन और राजस्व विभाग की मिली भगत के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। माफिया करोड़ों रुपयों की काली कमाई कर रहे है। किसानों की जमीन पहले औने पौने दाम पर खरीदी जाती है, फिर नियम विरुद्ध बिना नक्शा व बिना आवासीय प्लाट दर्ज कराए प्रति प्लाट लाखों में बेचा जा रहा है।

इस खेल के रजिस्ट्री कार्यालय और राजस्व विभाग शामिल है। ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत के गांव मास्टरगंज, खोजनपुर नगर की सीमा से जुड़े कई भाग और ईश्वरदासपुर में बड़े पैमाने पर जमीन प्लाटिंग करके बेची जा रही है। इसमें से नब्बे फीसदी प्लाट बिना नक्शा स्वीकृत कराए बेचे जा रहे है। ऊंचाहार देहात के ग्राम प्रधान धनराज यादव ने तो बकायदा राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र देकर भूमि की पैमाईश और प्लाटिंग की जांच का अनुरोध किया था, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदारों ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है ।



ऊंचाहार के खरौली रोड पर की जा रही प्लाटिंग।

### यह है प्लाटिंग के नियम

नियम के मुताबिक प्लाटिंग में एक निश्चित चौड़ाई की सड़क होनी चाहिए। भूखंडों के बीच पार्क होना चाहिए। सीवेज सिस्टम होना चाहिए। भूखंड में प्लाटिंग का नक्शा पास होना अनिवार्य है। इसके बावजूद ऊंचाहार में तो भूमाफिया किसान से एग्रीमेंट कराकर कलई डालते है और सीधे प्लाटिंग चालू करके उसकी विक्री शुरू कर देते हैं।

## ट्रक का टायर फटने से ई-रिक्शा का शीशा टूटा, बच्चा घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** ट्रकों में ओवरलोडिंग कर फर्राटा भरने से आए दिन घटनाएं हो रही हैं। क्षमता से अधिक लोडिंग कर सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहन दुर्घटनाओं का सबब बनते जा रहे हैं। मुराई बाग कस्बे में लगभग प्रतिदिन ओवरलोड ट्रकों के टायर फटने की घटना देखने को मिलती है। ट्रक के टायर फटने से जहां आम लोगों का भारी नुकसान होता है। वही घटना एवं दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे मुराई बाग मुख्य चौराहे से गुजर रहे एक ओवरलोड ट्रक का टायर फटने से धूल का गब्बर उड़ने लगा। इससे पास में पड़ी गिट्टियां उछाल कर बगल में खड़े ई रिक्शा में जा लगी, जिससे उसका शीशा टूट कर चकनाचूर हो गया। वहीं पास से गुजर रहा एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया।

## सार-संक्षेप

### राम बिलास की बैलगाड़ी निकली सबसे आगे

**सतांव, रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे आशाराम मजरे कोरिहर गांव में बुधवार की शाम बैलगाड़ी दौड़, घोड़ा दौड़, तांगा दौड़, साईकिल दौड़, बालक व बालिका वर्ग की लम्बी दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता कृष्णजीवन तिवारी ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। बैलगाड़ी दौड़ में राम बिलास यादव गंगागंज प्रथम, दिनेश यादव सेवनपुर द्वितीय व सुशील यादव घुरवारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। घोड़ा दौड़ में नीशू यादव नया पुरवा प्रथम, मनोज यादव मिर्जा का पुरवा द्वितीय स्थान पर रहे। तांगा दौड़ में रामकेश पूरे आशाराम प्रथम, बाबा विक्रमपुर द्वितीय स्थान पर रहे। साइकिल दौड़ में कामाख्या प्रसाद पूरे आशाराम प्रथम, राजा सतांव द्वितीय व मोनू सतांव तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी दौड़ में अतुल सोहलिया प्रथम, आशीष चन्दईपुर द्वितीय व अमित यादव चन्दईपुर तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को कोरिहर गाँव निवासी अधिवक्ता राम प्रकाश तिवारी ने पुरस्कृत किया।



बैलगाड़ी दौड़ को देखते लोग।

### भाजपा किसान मोर्चा मंडल के अध्यक्ष बने अनित

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के ऐहार निवासी अनित उर्फ चंदन त्रिवेदी को भारतीय जनता पार्टी के जिला नेतृत्व ने मंडल अध्यक्ष डलमऊ घोषित किया है। जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने बताया कि चंदन त्रिवेदी किसानों के लिए काम करते हैं किसानो की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते और निराकरण भी कराते हैं। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें डलमऊ मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर चंदन त्रिवेदी ने कहा कि किसानों के बीच पैठ बनाकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह और किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह ने चंदन त्रिवेदी को माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर विशाल सिंह, मनीष त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, शैलेंद्र चौधरी, विक्रांत अकेला, अखिलेश पटेल, जगतपाल पटेल, उमेश सिंह, जेपी सिंह, शिवम तिवारी, काजल त्रिवेदी, सोहनलाल, विकास तिवारी, अवनीश पांडे, शक्ति सुशील शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा ,अखिलेश पांडे आदि ने प्रसन्नता जताई है।



मंडल अध्यक्ष डलमऊ अनित त्रिवेदी को सम्मानित करते भाजपा नेता जेपी सिंह।

### बालिका विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**परशदेपुर, रायबरेली।** रामराजी बालिका विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सावित्री सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। छात्रा अनन्या, कोमल, सोनाली, मुस्कान ने सरस्वती वंदना पर नृत्य, जबकि श्वेता, लक्ष्मी व सुहानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। लक्ष्मी कौशल ने ओ मेरी मां..., खुशी व सरिता ने मेरे घर राम आएं हैं..., रंजना ने उंगली पकड़ के चलना..., रुचि ने चटक मटक..., श्वेता, स्नेहा व आंचल ने मीठे रस से भरयोरि..., हिमांशी, मुस्कान व सोनाली ने ओ मेरे देश..., पिंकी व खुशी ने कृष्ण सुदामा मिलन, शालिनी ने फिर भी दिल है हिंदुस्तानी..., लक्ष्मी माली ने घर मोरे परदेशिया... गीत पर नृत्य से लोगों की खूब तालियां बटोरी। अंशिका, लाजो, सुधा, रंजना, दीपा, रोली, सलोनी, नेहा, शशि, पूनम, जीशान आदि ने विभिन्न गीतों पर अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन्नमा ने नारी सशक्तिकरण पर भाषण, सुहानी, अमरीन आदि ने अनपढ़ बीबी, पिंकी व खुशी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक से लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता, अशोक मोदनवाल, सभासद संदीप मोदनवाल, मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### चेकिंग अभियान में अधिकारी ने वाहनों पर की कार्रवाई

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र में यात्री कर अधिकारी ने चेकिंग अभियान चलाकर दो ओवरलोड वाहनों को सीज करने समेत तकरीबन एक दर्जन वाहनों का चालान किया है। गुरुवार को नगर समेत क्षेत्र के अन्य स्थानों पर यात्री कर अधिकारी( पीटीओ) रेहाना बानो ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड लकड़ी लादकर जा रही पिकअप और ओवरलोड लोहे के एंगल लादकर जा रहे ट्रक को सीज किया गया। वहीं लगातार हो रही कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। यात्री कर अधिकारी रेहाना बानो ने बताया कि दो ओवरलोड वाहनों को सीज करने समेत तकरीबन एक दर्जन वाहनों का चालान किया गया है।

### सचिव पर कमीशन मांगने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ग्राम पंचायत सदस्यों को बैठक भत्ता निर्गत करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी उनसे कमीशन मांग रहा है । मामले की शिकायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी से की है। क्षेत्र के गांव गोकना निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह और गोविंद मिश्र का कहना है कि वह ग्राम पंचायत समिति के वार्ड सदस्य हैं। विगत तीन सालों से हुई बैठकों में उन्हें बैठक भत्ता नहीं मिला है। इस बारे में जब ग्राम पंचायत अधिकारी से बात की गई तो वह प्रति सदस्य दो हजार रुपए कमीशन मांग रहा है। आरोप है कि सचिव का कहना है कि जब तक दो-दो हजार रुपये नहीं दोगे, तब तक उन्हें बैठक भत्ता नहीं दिया जाएगा। दोनों सदस्यों ने मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की है।

## संरक्षित पशुओं के लिए उगाया जाएगा चारा

**शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी साबिर अनवर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय गौवंश संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। सभी ग्राम प्रधानों को गौशाला की साफ सफाई, समुचित चारा प्रबंधन, गौवंशों को गर्मी से बचाने के लिए उचित छाया प्रबंधन एवं मृत गौवंशों का समय से निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वहीं गौशाओं को छायायुक्त एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए वन विभाग को गौशालाओं में वृक्षारोपण करने एवं टी गार्ड लगाने के निर्देश दिए गए। गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए हरा चारा उगाने के लिए राजस्व विभाग को खेतिहर भूमि चिन्हित कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए। वहीं गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गौशाला में वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए कृषि विभाग से विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बीमार गौवंशों का समय पर इलाज एवं उनकी नियमित देखरेख करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर पशु चिकिसाधिकारी डा. इंद्रजीत वर्मा, जड़ावगंज प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, बलबीर सिंह, प्रदीप सिंह, जानकीशरण जायसवाल, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक स्तरीय गौवंश संरक्षण एवं अनुश्रमण समिति की बैठक में मौजूद लोग।

# हत्या की आशंका, डीएम के आदेश पर 53 दिन बाद खोदा गया शव

**नसीराबाद, रायबरेली**

▶▶ **दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में करता था नौकरी, डीएम के निर्देश पर कार्रवाई**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने 53 दिन बाद शव को खोदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रकरण में परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की थी। मामला थाना क्षेत्र के गांव बभनपुर का है। उक्त गांव निवासी राम शंकर शर्मा पुत्र मीही लाल शर्मा कुछ समय से पीरागढ़ी दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था।

20 दिसंबर 2023 की रात में वहीं उसकी मृत्यु हो गई। उसी दिन उसने साथ में रह रही पत्नी सुमित्रा को गांव जाने के लिए बस पर बैठाया था। पड़ोसियों द्वारा सूचना पाकर दिल्ली में ही दूर रह रहे मृतक के बेटे और पत्नी वहां पहुंचे और लाश को गांव लाकर मट्टन नाले के किनारे दफन कर दिया। इसके पहले परिजनों ने दिल्ली पुलिस और नसीराबाद पुलिस को पोस्ट मार्टम न कराने का लिखित अनुरोध किया था, लेकिन बाद में मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए थाना नांगलोई, जिला नॉर्थ वेस्ट, नई दिल्ली में मुकदमा दर्ज करवा दिया।

घटनास्थल थाना मियांवाली नगर, पश्चिम बिहार दिल्ली में होने के कारण विवेचना वहां भेज दी गई। मृतक की पत्नी के अनुरोध पर जिलाधिकारी रायबरेली के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को नायब तहसीलदार अंकुर यादव, थानाध्यक्ष राम लखन पटेल, परैया चौकी प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर वीडियोग्राफी कराते हुए शव निकलवाया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। मृतक की चार संतानें बेटियां ममता, मंशा और बेटा योगेश व शेखर हैं, जिनमें शेखर के अलावा सभी विवाहित हैं।

# प्रशस्ति पत्र देकर महिलाओं को किया सम्मानित

**सरेनी, रायबरेली**

अमृत विचार। गुरुवार को ब्लाक परिसर में भाजपा के महिला शक्ति वंदन अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान समूह से जुड़ी 19 महिलाओं को जिले के पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें सरेनी ब्लॉक की ममता सिंह, सरोज, किरण देवी, शालिनी सिंह, निशा सिंह, सुमन देवी, सविता सिंह,अनुसूया, संध्या दीक्षित, होली देवी व लालगंज ब्लाक की अंजूलता, मोहिनी,राम कुमारी आदि शामिल रहीं। जिला मंत्री राधेश्याम पाल, सुशील शुक्ला, जेपी सिंह, सुधा शुक्ला ने संयुक्त रूप से महिलाओं को सम्मानित किया। भाजपाइयों ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान के लिए है। संसद में नारी शक्ति अधिनियम बिल पास हो जाने से महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलेगा, जबकि इसके पहले महिलाओं को कोई सरकार सम्मान नहीं देती थी। संचालन खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर रश्मि उपाध्याय, सुनील प्रधान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, संतोष कुमार, संतोष श्रीवास्तव, सुनील कुमार, बसंत सिंह, आशा, नीतू, सरस्वती, प्रिया, शारदा आदि मौजूद रहे।



सम्मानित समूह की महिलाएं। अमृत विचार

## सामाजिक समरसता, स्नेह मिलन और तहरी भोज का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल दैनिक भंडारा सुपरमार्केट और श्री परशुराम जन चेतना समिति उत्तर प्रदेश संस्कार भारती जिला इकाई माधव सेवा संस्थान के सम्मिलित प्रयास से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत बसंतोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के दर्शन उपरांत सामाजिक समरसता स्नेह मिलन एवं तहरी भोज का कार्यक्रम 16 फरवरी को जेजे प्लाजा मार्केट उत्सव लान निकट एसजेएस स्कूल कचहरी रोड पर आयोजित किया जाएगा। मंडल संरक्षक महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, संत समागम के अंतर्गत प्रवचन एवं मुकेश शुक्ला जागरण ग्रुप के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर राकेश तिवारी एडवोकेट, अनिल मिश्रा, अनूप मिश्रा, राजेंद्र अवस्थी, पंकज मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, अलंकार शर्मा, कमलेश पांडे एडवोकेट, विजय वाजपेई एडवोकेट, राम प्रकाश श्रीवास्तव, महेश राजपाल, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

# एम्स में बच्चों की पढ़ाई के लिए मिली छठवीं देहदान

**राही, रायबरेली**

**अमृत विचार।** युग दधीचि देहदान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को एम्स को छठवीं देह समर्पित की गई। आयुध निर्माणी फैक्ट्री से सेवानिवृत्त गुल मोहर विहार, जूही, कानपुर निवासी मदनलाल एलावादी ने साल 2011 में देहदान संकल्प पत्र भरा था। गुरुवार तड़के उनका निधन हो गया। उनके बेटे सुरेश एलावादी ने देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया। सेंगर द्वारा अभियान की महासचिव माधवी सेंगर से परामर्श करके देह दान करने का निश्चय कर एम्स प्रशासन से संपर्क कर एंबुलेंस भेजने का अनुरोध किया। इसके बाद सेंगर दंपति स्व. मदनलाल के घर पहुंच कर देहदान संबंधी पत्रक तैयार किए। सारी व्यवस्था करके घर में ही पूजन आदि संपन्न करा कर दोपहर बाद दो बजे कानपुर से चल कर शाम पांच बजे दोनों लोग एम्स रायबरेली पहुंचे। एनाटमी विभागाध्यक्ष डा. रजत शुभ्रा दास ने अपने सहयोगियों के साथ देह को सम्मान सहित स्वीकार किया। युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा यह छठवीं देह एम्स रायबरेली को उपलब्ध कराई। कानपुर से चलते समय दिवंगत मदनलाल को उनकी पत्नी शकुंतला, पुत्र और पुत्रवधू सुरेश और शैलजा, अंजू भाटिया, शानवी, सुमेश और परिजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विदा किया। मनोज सेंगर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत यह 272वीं देह चिकित्सा जगत को समर्पित की गई है, जबकि 3500 से अधिक लोगों ने अपने देहदान के शपथ पत्र भर कर सौपे हैं।



मदनलाल एलावादी (फाइल फोटो)

**बैठक** | समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से हुईं रूबरू, विकास की गति धीमी होने पर जताई नाराजगी

# कानपुर से भी बदतर है रायबरेली : प्रभारी मंत्री

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** प्रभारी (राज्य) मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जिले की स्थिति को कानपुर से भी बदतर बताया है। उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी अनसुनी कर रहे हैं। विकास की गति बहुत ही धीमी है। इस दौरान सड़कों को 15 दिन में गड्ढामुक्त करने का आदेश दिया।

इससे पहले प्रभारी मंत्री ने विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अब तक हुए विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की प्रगति जानी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आवारा पशुओं का उचित प्रबंध कराया जाए। गो आश्रय स्थलों का निर्माण कराया जाए और गोवंशों को उसी में रखा जाए। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों को समय से पेंशन का लाभ मिले। विद्युत विभाग को निर्देश दिया की लोगों का बिना वजह कनेक्शन न काटा जाए। नगर विकास के संबंध में ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि जल निकासी का उचित प्रबंधन किया जाए। घरों का कूड़ा इधर-उधर ना फेंका जाए और उनका सही प्रकार से निस्तारण किया जाए। हर ग्राम पंचायत में कूड़ा घर बनाया जाए। प्रधानमंत्री आवास शहरी और प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को ही योजना का लाभ मिले।

गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। बेसिक शिक्षा अधिकारी से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत हुए कार्यों की प्रगति जानी। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, सलोन विधायक अशोक कोरी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करतीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला।

# कक्षा में कैमरे की नजर में खोले प्रश्न पुस्तिका: डीएम

▸▸ जिलाधिकारी ने पुलिस आरक्षी नागरिक परीक्षा में सेक्टर मजिस्ट्रेट और व्यवस्थापकों को दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली


निर्देश देतीं डीएम हर्षिता माथुर, साथ में एसपी अभिषेक अग्रवाल और सीओ वंदना सिंह।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन मैदान में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ समीक्षा बैठक में सभी केन्द्र व्यस्थापको, सहायक केंद्र व्यस्थापको और परीक्षा सहायकों से कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराई जाए। साथ ही इसे गंभीरता से लिया जाए। यह अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा है।

अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश, पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए। महिलाओं और पुरुषों अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग चेकिंग रूम बनाया जाए। प्रवेश देते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि अभ्यर्थी अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं कर रहा है। कक्षा में प्रश्न पुस्तिका को कैमरे की नजर में अभ्यर्थियों के सामने ही खोला जाए। कोई भी परीक्षा व्यवस्थापक अपने साथ मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दिन ट्रैफिक पर विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि उस दिन अन्य जनपद और प्रदेशों से भी अभ्यर्थी आएंगे। अभ्यर्थियों को बेवजह परेशान ना किया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि दुकानदार और वाहन चालक मनमाना चार्ज न करें। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में होगी। परीक्षा प्रथम पाली में 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में 3 से 5 बजे तक होगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सीओ वंदना सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों में भिड़ंत, तीन लोग गंभीर

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर तेराहो गांव के समीप दो बाइको की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें चप्पल व्यवसाई समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल दो युवकों को एम्स, जबकि व्यवसाई को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

सभी घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सलोन कस्बे के मोहल्ला चौधराना निवासी नसीम उमरन बाजार से सलोन लौट रहा था। दूसरी तरफ मटका निवासी सतीश शर्मा और सत्यम साहू बाइक लेकर उमरन किसी निमंत्रण में जा रहे थे। तेराहो गांव के समीप दोनो बाइको की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।

नसीम को नगर के निजी नर्सिंग होम से ट्रामा सेंटर, जबकि सतीश और सत्यम को सीएचसी से एम्स रेफर किया गया है। डॉक्टर सतेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि दो युवकों को सीएचसी गम्भीर हालात में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद एम्स भेजा गया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि कस्बा के घायल व्यवसाई को निजी क्लिनिक से ट्रामा सेंटर भेजा गया है। अन्य को एम्स में भर्ती कराया गया है।दोनों बाइको की आपस मे टक्कर से हादसा हुआ है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# वरिष्ठ जनों को विधिक अधिकार पर किया जागरूक

**संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आईटीआई कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव उमाशंकर कहार के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी। बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस शिविर में वृद्धाश्रम के अधीक्षक धनजंय प्रताप सिंह, लेखाकार हिमाँशु सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व खुशबू भारती आदि मौजूद रहे।

## 17 को रीमाकान का होगा आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** आईएमए की ओर से 17 फरवरी को रीमाकान 2024 का आयोजन किया जाएगा। कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया की देश में जिस तरह से हार्ट अटैक से मौतों का आंकड़ा बढ़ा है वह चिंता की बात है, लेकिन नियमित दिनचर्या और उचित खान पान से काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया की सभी लोगों को प्रतिदिन लगभग 40 मिनट का व्यायाम जरूर करना चाहिए। खानपान में मोटे अनाज का सेवन करें और जंक फूड से दूरी बनाएं, जिससे हार्ट अटैक से होने वाली मौतों में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक कमी लाई जा सकती है।

## सार-संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव


विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित होती शिक्षाविद् चम्पा श्रीवास्तव।

**बछरावां, रायबरेली।** उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राओं को विदाई भी दी गई। कार्यक्रम के संचालक एवं विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने आए हुए सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, विशिष्ट अतिथि पूर्व आईपीएस राजू बाबू, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अवधेश प्रताप सिंह, डॉ ओमप्रकाश ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रामनरेश, सौरमंडल शुक्ला, प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव व नगर पंचायत अध्यक्ष बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मास्टर रामनरेश आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या धाम के प्रसाद का हुआ वितरण

**परशदेपुर, रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी के द्वारा अयोध्या धाम का प्रसाद संसदीय क्षेत्र के भक्तों तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने गुरुवार को नसीराबाद, परशदेपुर, डीह व सलोन में सामाजिक सरोकारों से जुड़े भक्तों को प्रसाद का वितरण किया।

### रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद हुआ भंडारा

**लालगंज, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का समापन हुआ। मानस पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन और भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभाग प्रचारक राहुल ने बताया कि संघ कार्यालय के श्रीसंत रविदास मंदिर के जीर्णोद्धार और नवनिर्मित भवन के निर्माण उपरांत मानस पाठ, हवन पूजन और भंडारा कराया गया है। जिला कार्यवाह अनंत ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से पूरा क्षेत्र राम मय हो गया है।राष्ट्र राम राज्य की ओर बढ़ रहा है। धार्मिक विधि विधान से बुधवार सुबह मानस पाठ का शुभारंभ हुआ था। गुरुवार को मानस पाठ के समापन के बाद हवन पूजन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचारक बृजेश,नगर प्रचारक ओम नारायण, विश्व हिंदू परिषद प्रांतीय उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी,जिला कार्यवाह अनंत, राजेश सोनी, राजेंद्र, पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह, अनीता श्रीवास्तव, दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, जेपी सिंह, राधेश्याम पाल,अशोक शुक्ला, निर्भय सिंह, विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया, बृजदेव सिंह, हनुमान सिंह, सिद्धांत पांडे आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को मौका

**राही, रायबरेली।** क्षेत्र के बिनोहरा गांव में अंडर-16 जय गोपेश्वर बाबा प्लास्टिक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें सात टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खागीपुर सड़वा के डा. अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारना और आगे तक पहुंचाना है। पढ़ाई के साथ-साथ तरह-तरह के खेल से बच्चों का स्वास्थ्य एवं मनोविकास अच्छी तरह होता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान शमशेर यादव, पूर्व प्रधान श्याम करन सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, पप्पू सिंह, रणवीर सिंह, के.बी.सिंह, रणदीप गुप्ता, दीपक सिंह, अमित सिंह, अनुज सिंह, शुभम सिंह, मानू प्रताप सिंह, आशुतोष गुप्ता, राजदीप सैनी, सुमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### नेत्र चिकित्सा शिविर 25 को

**सरेनी, रायबरेली।** नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में 25 फरवरी को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने दी है। उन्होंने बताया है कि शिविर में नेत्र रोगियों की आंखों की जांच कुशल नेत्र विशेषज्ञ करेंगे। चिन्हित मरीजों की आंखों का आपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण भी नि:शुल्क होगा।

### तीन घंटे आपूर्ति रहेगी बाधित

**महराजगंज, रायबरेली।** विद्युत उपकेंद्र जिहवा व महराजगंज फीडर पर टेस्टिंग कार्य प्रस्तावित होने के चलते करीब तीन घंटे बिजली आपूर्ति में बाधित रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता ओपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया की शुक्रवार को विद्युत उपकेंद्र जिहवा पर दोपहर बाद 2:30 से शाम पांच बजे व विद्युत उपकेंद्र ग्रामीण महराजगंज पर समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक टेस्टिंग टीम द्वारा मरम्मत आदि का कार्य किया जाना हैं, जिससे उन क्षेत्र के उपभोगताओं की बिजली बाधित रहेगी।

### श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

**डलमऊ, रायबरेली।** शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में पत्रकार राजेश यादव के छोटे पुत्र आर्यन(18) यादव की मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पैतृक गांव ग्राम पूरे नया सोंडासी में मुलायम सिंह यादव स्मृति पार्क में आयोजित शोक सभा में जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महंगे लहसुन और अदरक ने बिगाड़ा आम आदमी की रसोईं का स्वाद

▸▸ सर्दी में सबसे अधिक होती है मांग, दाम बढ़ने से परेशान लोग

अमित दीक्षित


सब्जी की दुकान में कम मात्रा में रखा लहसुन।

**सतांव, रायबरेली।** बसंत ऋतु के आगमन से भले ही आम आदमी को सर्दी के सितम से राहत मिलनी शुरू हो गई है, लेकिन आसमान छू रहे लहसुन और अदरक के दामों ने लोगों की रसोईं का बजट बिगाड़ रखा है। लहसुन के दाम तो विगत् तीन माह से इस कदर बढ़े है कि गरीब आदमी लहसुन खाना तो दूर बाजारों में उसका भाव सुनकर ही घबरा रहा है। वर्तमान में खुदरा बाजारों में जहां लहसुन 400 रुपये के पार तो अदरक भी 160 से 180 रुपये प्रतिकिलो के भाव से बिक रही है।

बचपन से ही हम आप सभी अपने बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे है कि सर्दी के दिनों में लहसुन और अदरक का भरपूर मात्रा प्रयोग करना चाहिए, क्यों की इनकी ताशीर गर्म होती है। ये दोनों सब्जियाँ हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है, जिस वजह से मौसमी बीमारियाँ हमसे दूर रहती है। औषधीय गुणों के साथ-साथ आम से लेकर खास हर किसी सब्जी या दाल का स्वाद भी बगैर लहसुन अदरक के लड़के के अधूरा ही रहता है।

विगत जून-जुलाई के महीनों में 100 रुपये में चार किलो के भाव से बिकने वाले लहसुन अचानक सर्दियों की शुरुआत यानि नवम्बर माह से आसमान छूने लगे। लहसुन 300 रुपये प्रतिकिलो से भी ऊपर बिकने लगा। जनवरी के अंत में एकाएक इसका दाम खुदरा बाजारों में 400 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गया। ऐसे में लहसुन और अदरक के महंगे दामों ने आम आदमी की रसोईं के स्वाद के साथ ही बजट भी बिगाड़ दिया। सबसे हैरत वाली बात तो यह रही की अगस्त 2023 में टमाटर के दाम 250 प्रतिकिलो के पार पहुंचने पर टमाटरों की माला पहनकर महंगाई के मुद्दे पर जगह-जगह प्रदर्शन करने वाले विपक्षी पार्टियों के नेताओं की पैनी नजरों से पूरी सर्दी, लहसुन और उसके आसमान छूते दाम कैसे छिपे रह गये।

### राजस्थान और मध्य प्रदेश से आ रहा लहसुन

क्षेत्रीय बाजारों के खुदरा ब्यापारी सुरेश मौर्या, सोनू, नन्हकऊ, मो. रियाज, शब्बीर, दिनेश मौर्या, रहीश, जहीर का कहना है कि राजस्थान व मध्यप्रदेश से लहसुन कम मात्रा मे जिले की मंडियों में आ रहा है। थोक बाजार में जब लहसुन महंगा मिल रहा है तो फुटकर में तो असर पड़ेगा ही। सब्जी दुकानदारों के अनुसार लहसुन के दामों में गिरावट तभी आयेगी जब अन्य प्रांतों से आवक बढ़ेगी या फिर जब क्षेत्रीय किसानों द्वारा तैयार लहसुन बाजारों में आयेगा।

## खेलों से बढ़ता है सौहार्द और समरसता : अभिलाष कौशल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेल केवल स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण नहीं है अपितु सामाजिक सौहार्द और समरसता को बढ़ावा देने में उपयोगी है। स्वच्छ भावना के साथ ऐसे आयोजन हमारी एकता को मजबूती देते हैं, और भेदभाव मिटाने में भी सहायक है। यह विचार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने क्षेत्र के नन्दौरा गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन पर बोल रहे थे। उद्घाटन मैच गदागंज और भुवालपुर के मध्य हुआ। पहले बैटिंग करते हुए भुवालपुर की टीम ने 12 ओवरों में 156 रन बनाए। जवाब में उतरी गदागंज की टीम 89 रन पर आल आउट हो गई। भावालपुर की ओर से राजा ने सर्वाधिक 37 रन और कपिल ने 33 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। कपिल ने तीन विकेट भी लिए। उन्हे मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# मिशन शक्ति व सम्मान समारोह का आयोजन

अटौरा, रायबरेली


समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अटौरा स्थित आधारशिला कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज में गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति व श्रेष्ठ विशिष्टजनों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेवा, पर्यावरण, शिक्षा एवं साहित्य जगत में उच्चतम योगदान देने के लिए विशिष्ट लोगों का सम्मान व अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस कृष्ण शरण सिंह की मौजूदगी में सभी को सम्मानित किया गया।

सरेनी पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। पर्यावरण के लिये क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था पंचवटी के वरिष्ट पदाधिकारी का सम्मान किया गया। शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में डॉ ओम प्रकाश सिंह, डॉ विनय भदौरिया, सतीश कुमार सिंह, हरिनाम सिंह, नवोदय विद्यालय मे लगभग तीन दशक तक प्राचार्य रहे कन्हैया लाल को सम्मानित किया गया।

आधारशिला कॉलेज अध्यक्ष डॉ तहसीलदार सिंह ने स्वागत भाषण देकर सभी अतिथियों का सम्मान व आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम आयोजक की भूमिका निभाई। इस मौके गिरजा शंकर सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह, सौरभ त्रिवेदी, मोहम्मद अनीश आदि मौजूद रहे।

# साहित्यकारों ने कवि निराला को किया याद

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** साहित्यकारों द्वारा कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में मां सरस्वती का पूजन और प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जीवन पर प्रकाश डाला गया। बसंत पंचमी के दिन महाप्राण निराला भी अपना जन्मदिन मनाया करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि आज का दिन दुनिया में साहित्य पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए। डलमऊ निराला की कर्मभूमि होने के कारण प्रणम्य है। हम सब इस धरती की उपज होने से गौरवान्वित हैं। कवि रमाकांत ने कहा कि मनुष्यता के पक्षधर विरले कवि हैं, जिनसे हिंदी साहित्य धन्य हुआ। कवि और समीक्षक वाई वेद प्रकाश ने कहा कि निराला सामाजिक क्रांति एवं रूढ़िभंजन के लिए जाने जाते रहे हैं। आज उनकी स्मृति को बारम्बार प्रणाम करता हूं। सुंदर लाल मनमौजी ने कहा कि निराला मानवता के महान उद्घोषक कवि हैं। सविता यादव ने कहा कि निराला साहित्य और समता के झंडाबरदार कवि रहे हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि हमें साहित्य की उस निष्ठा और परम्परा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। सत्य प्रकाश त्रिवेदी ने निराला को युगांतरकारी कवि बताया। कवि प्रदीप श्रीवास्तव ने निराला को गहरे युग बोध का कवि बताया। अशेष बाजपेई ने कहा कि हमें निराला के दिखाये मार्ग पर चलते हुए साहित्य सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर बसंत लाल गुप्ता, दयाराम, सम्राट, सत्य प्रकाश यादव, एंजेलिना, लकी, आन्या प्रिया सुषमा यादव, मनोज कुमार मंजुल, खुशबू, सौम्या आदि मौजूद रहे।

## लालगंज ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड लालगंज के प्रांगण में किया गया। मेले का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी प्रणवीर प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी, लेन्सकार्ट एवं पीपल ट्री वेन्चर्स द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में कुल 263 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 115 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर एडीओ कोऑपरेटिव जितेन्द्र सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक धर्मेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दिनेश पाल आदि मौजूद रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा

सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

## एक नजर

### सीडीओ का निरीक्षण 23 को

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने बताया कि वह 23 फरवरी को विकास खण्ड कार्यालय हरपालपुर, आरआरसी सेन्टर पलिया, अस्थायी गौ आश्रय स्थल पलिया तथा मॉडल अमृत सरोबर बेड़ीजोर का निरीक्षण करेंगी।

### गोवंश आश्रय स्थलों की स्वलिखित रिपोर्ट्स के सम्बन्ध में बैठक आज

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गोवंश आश्रय स्थलों की प्रेषित स्वलिखित रिपोर्ट्स के सम्बन्ध में सभी खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा की गयी कार्यवाही की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक शुक्रवार की शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी तथा बैठक में सभी बीडीओ वर्चुअल मोड में मौजूद रहेंगे।

# यूपी बोर्डः छूटी प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन आज

हरदोई

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा न दे पाने वाले विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को दोबारा प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया है। नगर के राजकीय इंटर कालेज, आरआर इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज तथा जेके पब्लिक स्कूल में परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी।

बताते चलें कि यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन 25 जनवरी से नौ फरवरी तक किया गया था। किसी कारणवश इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर, भूगोल, कृषि शस्य विज्ञान, कृषि वनस्पति विज्ञान, कृषि भौतिकी, कृषि अभियंत्रण, कृषि जंतु विज्ञान, कृषि पशुपालन, कृषि रसायन तथा गृह विज्ञान की परीक्षाएं छात्र-छात्राओं की छूट गई थी। छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद ने बताया कि नकल विहीन शासन की मंशानुरूप परीक्षाएं कराई जाएंगी। यह परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न होंगी।

# 7.46 करोड़ रुपए से संवारी जाएगी स्कूलों की सूरत

हरदोई

**सरकार ने जिले के 3427 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और संविलियन स्कूलों के बैंक खातों में भेजी कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त**

**अमृत विचार।** सरकार ने परिषदीय स्कूलों की सूरत संवारने और उनकी सेहत बनाने के लिए ज़िले के प्राथमिक,उच्च प्राथमिक और संविलियन स्कूलों के खातों में 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त के तहत 7 करोड़ 45 लाख 87 हज़ार 500 रुपये भेजे हैं। कंपोजिट ग्रांट के आते ही स्कूलों में साफ-सफाई और रंग-रोगन होगा, और ज़रूरी चीज़ों की खरीद-फरोख्त की जाएगी।

बताते चलें कि सरकार परिषदीय स्कूलों और साथ ही बच्चों के शैक्षिक स्तर को और बेहतर बनाने के लिए बहुत कुछ कर रही है। बीएसए विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि सरकार ने ज़िले के 2418 प्राथमिक,620 उच्च प्राथमिक और 399 संविलियन स्कूलों की कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त भेज दी है। जिले के 3427 स्कूलों के खातों में पहली किस्त के 7 करोड़ 45 लाख,87 हज़ार 500 रुपये भेजे जा रहे हैं। स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज अध्यापकों से कहा है कि कंपोजिट ग्रांट से होने वाले कामों में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। पीएफएमएस (पब्लिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत स्कूलों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और ज़रूरी चीजों की खरीद की जाती है। बीएसए ने बताया कि कंपोजिट ग्रांट स्कूल के प्रबंध समिति के खातों में भेजी जाती है। स्कूल के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज अध्यापक और प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रबंध समिति के खाते का संचालन करते हैं।

**किसे कितना पैसा मिला**

- 2418 प्राथमिक स्कूलों के लिए 4 करोड़, 89 लाख 95 हज़ार रुपए।
- 620 उच्च प्राथमिक स्कूलों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 42 हज़ार रुपए।
- 399 संविलियन स्कूल के लिए 1 करोड़, 25 लाख 50 हज़ार रुपए।

### अब ग्रामीण बच्चे भी पुस्तकालय में पढ़ सकेंगे

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। डिजिटल पंचायत भवन में सामुदायिक भवन पुस्तकालय वाचनालय की व्यवस्था की गई, जिससे ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी। गांव के बच्चे भवन में बैठकर पढ़ाई लिखाई कर सकेंगे। विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुर्दा मदारपुर स्थित पंचायत भवन में सामुदायिक पुस्तकालय स्थापित किया गया है। ग्राम प्रधान पूजा सिंह ने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन द्वारा छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए विद्यालय के बच्चों को सुबह सात बजे से साढ़े आठ बजे तक व साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शाम साढ़े सात बजे से साढ़े आठ बजे तक अभिभावक गणों को नि:शुल्क पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी, वाई-फाई, इन्वर्टर, डिजिटल बोर्ड, बिजली, बैठने आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिसका गांव के ग़रीब, असहाय,मजदूर परिवार के छात्र छात्राओं को पढ़ने का लाभ उठाएंगे। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह ,तोताराम, रामगोपाल, सुनीता देवी, संध्या कुशवाहा पंचायत सहायक, धनीराम, रायबहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# इमरजेंसी के सामने मिली गंदगी, वार्ड में भीड़

## मेडिकल कालेज निरीक्षण करने पहुंचे प्रिंसिपल डॉ. देश दीपक तिवारी ने जताई नाराजगी

हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज पहुंचे प्रिंसिपल डा.देश दीपक तिवारी का मूड तब ऑफ हो गया, जब उन्होंने वहां पड़ी हुई गंदगी और वार्डों में तीमारदारों की भीड़ देखी। प्रिंसिपल डॉ. तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्टाफ को सीख दी कि मरीज़ों की सही तरह से देखभाल हो और उनका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

प्रिंसिपल डा.तिवारी गुरुवार को मेडिकल कालेज की इमरजेंसी यूनिट पहुंच गए। वहां सामने पड़ी गंदगी को देख कर उनका मूड ऑफ हो गया। उन्होंने वहां के सफाईकर्मियों को खूब लताड़ा और कहा कि पूरी ज़िम्मेदारी से ड्यूटी करें, किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद इमरजेंसी के रेड, ग्रीन और यलो जोन में भर्ती किए गए मरीज़ों के पास पहुंचे। उस बीच वहां तीमारदारों की भीड़ देख कर कहा कि ऐसे कैसे इलाज हो पाएगा। स्टाफ से कहा कि व्यवस्था को बनाए रखना उनकी ज़िम्मेदारी है,ऐसा देख कर लग रहा है कि वार्डों की सारी व्यवस्था चौपट है। प्रिंसिपल ने स्टाफ को सीख देते हुए कहा कि मरीज़ों का ख्याल रखा जाए, उन्हें जो सुविधाएं मिलनी चाहिए,वे दी जाए,इस काम में कोई भी कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



इमरजेंसी यूनिट में व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्रिंसिपल डा. देश दीपक तिवारी। अमृत विचार

### ओपीडी के सामने खड़ी कार देख गार्ड को फटकार

पिछले कई दिनों से मेडिकल कालेज की ओपीडी के सामने लावारिस हालत में खड़ी कार देखकर प्रिंसिपल ने वहां ड्यूटी पर तैनात गार्ड को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बराबर देखते रहे फिर भी इस बारे में पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। प्रिंसिपल के इस सवाल पर गार्ड सकपका गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया गया है कि सफेद रंग की कार जिस पर एडवोकेट का लोगो लगा है, लावारिस हालत में खड़ी थी। उसे देखने से ऐसा लग रहा था कि कहीं से एक्सीडेंट कर आई हो। प्रिंसिपल की फटकार सुनने के बाद गार्ड ने पुलिस को सूचना दी है।

# उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र बांटे

हरदोई

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तैयारियां को लेकर गुरुवार को भी विभिन्न केंद्रों से आए कर्मचारियों ने जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र प्राप्त किए।

बताते चलें कि जिले में 138 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होगी। हाईस्कूल के लिए 54, 214 तथा इंटरमीडिएट के 41,162 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। पूरे जिले में पांच जोन व 29 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेगा। परीक्षाएं कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र जिला मुख्यालय से केंद्रों पर भेजने का क्रम शुरू हो गया। गुरुवार को जीआईसी में प्रत्येक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्तर पुस्तिकाएं लेने के लिए पहुंचे। विद्यालयों में प्रवेश पत्र वितरित होने लगे हैं।



जीआईसी में प्रवेश पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं लेते शिक्षक व कर्मचारी।

### सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा आज से

हरदोई, अमृत विचार। सीबीएसई बोर्ड दसवीं व 12वीं की परीक्षाएं जिले में शुक्रवार से शुरू हो रही है। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के सेंट जेम्स स्कूल सेंट जेवियर स्कूल, कैंब्रिज स्कूल, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल समेत अन्य स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबंध है। इनमें विभिन्न स्कूलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शहर के न्यू हाइट्स स्कूल में सेंट जेम्स पब्लिक स्कूल का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य स्कूलों के परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शुक्रवार से विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शुरू होगी।

# जीबीसी की तैयारियां कर लें पूरी

हरदोई

**अमृत विचार।** 19 फरवरी को जेके ग्रैंड रिसोर्ट में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) कार्यक्रम की तैयारी बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा स्तर पर भी किया जाएगा और सभी स्थानों पर होने वाले कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा सफल संचालन के लिए कार्ययोजना बना ली जाए। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जाए। बैठक के बाद डीएम व सीडीओ ने जेके ग्रैंड रिसोर्ट में तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि सभी प्रकार की साज-सज्जा ससमय करा ली जाए। जलपान व लंच आदि की उचित व्यवस्था करायी जाए। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगवाये जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



तैयारियों का जायजा लेते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

### बंदी किशोरों को दिया जाए कौशल विकास का प्रशिक्षण

हरदोई, अमृत विचार। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में संप्रेक्षण गृह में किशोरों के सर्वांगीण विकास के संबंध में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किशोरों में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उनके लिए संगीत शिक्षा की व्यवस्था की जाए। नियमित योगा कराया जाए। उन्होंने कहा कि किशोरों को रोजगारपरक शिक्षा दी जाए, ताकि वह निकलने के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। सम्प्रेक्षण गृह में कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह मौजूद रहे।

# पीएम किसान योजना में सबसे अधिक ई-केवाईसी किए गए

हरदोई

**अमृत विचार।** पीएम किसान योजना में प्रदेश में सर्वाधिक ई-केवीईसी करने वाला जिला बन गया है, जिससे किसानों को बिना किसी रुकावट के किसान सम्मान निधि मिलनी शुरू हो गई है।

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में पीएम किसान के तहत सर्वाधिक ई-केवाईसी हरदोई में हुए हैं। 13 फरवरी तक जनपद जनपद ने 93.15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जनपद में भूमि रिकॉर्ड फीडिंग वाले 630658 पात्र किसानों में से 587472 किसानों का ईकेवाईसी कराया जा चुका है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ई-केवाईसी का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक ओर जहां प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह से सक्रिय रखा, वहीं दूसरी ओर उन्होंने विभिन्न मंचों से किसानों से शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने की अपील की। किसान संगठनों के साथ बैठक कर किसान संगठनों का भी सहयोग लिया। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी में शीर्ष स्थान प्राप्त करना प्रशासनिक मशीनरी के प्रयास व किसानों की जागरूकता का समन्वित परिणाम है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी टीम में काफी उत्साह है। जनपद में जल्द ही अवशेष पात्र किसानों की ई-केवाईसी कराने के लिए टीम प्रतिबद्ध है। उपनिदेशक कृषि बताते हैं कि जिलाधिकारी ने ई-केवाईसी का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए गंभीर प्रयास किये। उनके मार्गदर्शन में ही जनपद को यह उपलब्धि हासिल हुई है।




# अधिग्रहण के मुआवजे से किसान असंतुष्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विकास को गति प्रदान करने के लिए कस्बे से हटकर फोरलेन बाईपास का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें पड़ने वाले किसानों के खेतों का सही से सीमांकन नहीं किया गया है। विरोध में किसानों ने डीएम और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। कस्बे से निकलने वाले भारी वाहनों के जाम से निजात दिलाने के लिए फोरलेन बाईपास का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसके लिए उधरनपुर से पहले से करीमनगर, मलकापुर, गढ़ी, दौलतपुर गंगादास, दरियापुर विक्कू आदि गांवों में किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। आरोप है कि जो सीमांकन किया गया वो सही नहीं है। हाइवे संख्या 731 पर अधिग्रहित भूमि मालिकों ने बताया कि उनकी जितनी जमीन अधिग्रहित जा रही है, उतना मुआवजा नहीं दिया गया है। किसानों ने डीएम और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

## सार-संक्षेप

### ईश्वर की शरण से दूर होते हैं सभी दु:ख : विमलेश



हरदोई, अमृत विचार। माघ मेले में राजघाट पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य विमलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि हृदय से की हुई प्रार्थना परमेश्वर शीघ्र सुनकर भक्त को अपने चरणों का आश्रय प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जो संसार में खुश रहने के लिए करता है वह बस कुछ ही क्षण का सुख होता है, लेकिन जो मनुष्य भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आ जाता है उस मानव को पूरे जीवन का सुख प्राप्त हो जाता है। सृष्टि में सबकी सत्ता सीमित होती है और मनुष्य के पास भी सीमित ज्ञान होता है, लेकिन हमारे भगवान श्री कृष्ण के पास असीमित ज्ञान है। ऐसा कहते हैं कि सात लोक नीचे और साथ लोक ऊपर ऐसी कोई जगह नहीं है जहां हमारे प्रभु की सत्ता न हो। अगर सत्ता का संरक्षण चाहिए तो उस प्रभु की शरण में आ जाना चाहिए। जब हम अपने भगवान को स्वीकार कर लेंगे तब हमारे जीवन में कभी भी दु:ख नहीं आएगा और न कभी रोना पड़ेगा और न ही कभी भूखा रहना पड़ेगा, क्योंकि भगवान की असीमित सत्ता है। कहा कि मनुष्य के पितृ अगर प्रसन्न हो जाते हैं तो सब काम बन जाते हैं अगर पितृ रुष्ट हो जाते हैं तो बनते काम भी बिगड़ जाते हैं। जो मनुष्य श्रीमद भागवत का एक श्लोक का पाठ करता है तो उस मनुष्य को कपिला गोदान के सामान प्राप्त पुण्य होता है और जिस स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा होती है उस स्थान पर सदा ही देवता उपस्थित रहते हैं। इस अवसर पर कथा यजमान शंकर बक्श सिंह ने परिवार सहित व्यास पूजन किया और आरती उतारी।

### कौआ बनकर जयंत ने सीता मां के पैर में मारी चोंच

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में गुरुवार को जयंत प्रसंग लीला का मंचन कलाकारों के द्वारा किया गया। रामलीला मंचन में दर्शाया गया कि मर्यादा पुरषोत्तम राम चित्रकुट में निवास करते है। जहां जयंत की पत्नी जयंती प्रभु श्री राम के दर्शन करने जाती है। उस समय प्रभु श्री राम माता सीता का श्रृंगार कर रहे थे। वह भी दोनों के पूजन के लिए गयी थी लौटते समय उसका पति जयंत उससे मिल जाता है और पूछता है कि कहां से आ रही हो, वह बताती है कि चित्रकूट पर श्री राम के दर्शन करने गयी थी। जिस पर जयंत क्रोधित हो जाते हैं और राम जी की परीक्षा लेने चल देते हैं। चित्रकूट पर कौए का भेष धारण करके पहुंच जाते हैं और माता सीता के पैर में चोंच मार देते हैं। इस पर सीता जी रोने लगती हैं। जयंती की शरात से क्रोधित होकर राम जी उसके पीछे अग्नि बाण छोड़ देते हैं। उस बाण के प्रभाव से उसका सारा शरीर जलने लगता है, तब वह मदद के लिए अपने पिता इंद्र के पास जाता है, लेकिन इंद्रदेव उसे वहां से भाग देते हैं, तीनों लोकों में उसकी मदद कोई नहीं करता। अंत में प्रभु श्री राम के पास जाता है तो वह उसका दया कर एक नेत्र छीन कर उसे जाने देते हैं।

### विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर काटे कनेक्शन



बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर में विद्युत विभाग द्वारा मनमानी करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि नगर के कुर्सी रोड पर स्थित सीबीजी इण्टर कालेज आफ साइंस के पास मानकों को ताक पर रखकर एक ही कनेक्शन बाक्स से लगभग 15 कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा कर दिए गए, जिन कनेक्शनों की दूरी भी लगभग एक किलोमीटर की है और सभी कनेक्शन विद्युत केबल के सहारे बिना किसी पोल की सहायता के लाभार्थियों के घर तक पहुंचाए गए हैं, जबकि तत्कालीन अवर अभियन्ता विद्युत उपखण्ड बेनीगंज द्वारा नगर के एक अन्य कनेक्शन जिसकी विद्युत कनेक्शन बाक्स से दूरी मात्र 15 मीटर की थी, उसका लगभग 22 हजार रुपये का इस्टीमेट बनाया गया था। वहीं इस सम्बन्ध मे एसडीओ कछौना ने फोनवार्ता के माध्यम से बताया कि मामले की जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### उचक्के ने किसान की जेब से उड़ाए 22 हजार रुपए

हरदोई, अमृत विचार। गाय खरीदने के लिए पिहानी चुंगी नखासा आया किसान टैंपो से वापस अपने गांव जा रहा था। उसी बीच उसी टैंपो पर सवार उचक्के ने उसकी जेब काट कर उसमें रखे साढ़े 22 हज़ार रुपये पार कर लिए और रास्ते में ही उतर कर भाग गया। पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर नहीं आई है,उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बेहटा गोकुल थाने के भम्मापुरवा निवासी तेजराम खेती-किसानी करता हैं। उसके पुत्र कुलदीप ने बताया कि गुरुवार को उसके पिता गाय खरीदने के लिए कोतवाली देहात के पिहानी चुंगी नखासा आए हुए थे। जहां से दोपहर बाद टेंपों पर सवार होकर वापस गांव जा रहे थे। रास्ते में एक युवक टैंपो में उसके पिता के बगल में बैठ गया। पिहानी चुंगी से कोर्रिया गांव के बीच में उसी युवक ने तेजराम की पैंट की जेब काट कर उसमें रखे साढ़े 22 हज़ार रुपये निकाल लिए और रास्ते में ही कोर्रिया के पास उतरकर भाग निकला। तेजराम ने जब जेब में हाथ डाला तो जेब कटी हुई थी और उसमें रखे सारे रुपये गायब थे। उसने वहीं पर टैंपो से उतरकर अपने बेटे को फोन कर उसे बुलाया। उसके बाद उसी युवक की काफी दूर तक तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। एसएचओ कोतवाली देहात अनिल सैनी ने बताया कि फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं आई है। उसके आते ही जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल से लापता हुई महिला, दी गई तहरीर

हरदोई, अमृत विचार। ससुराल से तीन दिन पूर्व गायब महिला का पता नहीं चला। महिला के भाई ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर ससुरालीजनों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना देहात कोतवाली के मोहल्ला प्रगति नगर निवासी मुकेश कुमार की पत्नी सपना कश्यप 12 फरवरी से घर से गायब हो गई। सपना के मायके वालों ने उसकी खोजबीन की। कोई पता न चलने पर भाई दिलीप ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने ससुरालीजनों पर बहन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

हरदोई, अमृत विचार। काला धन रूपांतरण योजना को अवैध तरीके से लागू करने का कांग्रेसियों ने विरोध किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने भाजपा को भ्रष्टाचार में लिप्त बताया। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि इलेक्टोरल बांड पर सर्वोच्च न्यायलय का फैसला स्वागत योग्य। इस फैसले ने यह साबित किया कि भाजपा भ्ष्टाचार और इलेक्टोरल बांड घोटाले में संलिप्त है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चुनावी बांड योजना लागू होने के वक्त से सदन से लेकर सड़क तक इसका विरोध किया था। मगर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की मंशा से भाजपा सरकार इस बांड को लेकर आई। चुनावी बांड योजना भाजपा के लिए काला धन सफेद करो योजना थी। प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत विशाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, शहर कोषाध्यक्ष महताब अहमद सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।



काला धन रूपांतरण योजना को अवैध तरीके से लागू किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**मनमानी** | मनाही के बाद भी ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवारियां बैठाकर चल रहे चालक

# आए दिन हो रहे हादसों से नहीं ले रहे सबक

हरदोई,

**अमृत विचार।** बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए शासन प्रशासन अपने हिसाब से प्रयास कर रही है, यह बात अलग है कि आदेशों और निर्देशों का सड़कों पर अनुपालन होता नहीं दिख रहा है। उस पर आम जनता भी आए दिन होने सड़कों में लोगों की असमय मौतों से सबक नहीं ले रही है।

यातायात नियमों को खुल्लम खुल्ला उल्लंघन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने भी निर्देश दे रखा है कि ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप या फिर डीसीएम पर सवारियां ढोने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाए। लेकिन ऐसा करने वाले अपनी आदत से बाज़ नहीं आ रहे हैं, नतीजतन हादसों का दायरा और बढ़ता जा रहा है। हाल ही में सीतापुर रोड पर शुक्लापुर के पास हुआ हादसा इसकी बानगी है, लेकिन फिर भी सबक नहीं लिया जा रहा है। हाल ही में नैमिषारण्य से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली सीतापुर रोड पर शुक्ला पुर के पास गोवंश को बचाने में खाईं में जा गिरी थी, जिसमें तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई थी और तकरीबन 40 श्रद्धालु ज़ख्मी हुए थे, लेकिन उसके बाद ही सीतापुर रोड श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जाती हुई देखी गई। उस ट्रैक्टर-ट्राली पर न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी सवार थे। सड़कों पर खुल्लम-खुल्ला सड़क हादसों को दावत दी जा रही है।




### देखकर भी अनदेखी करती है पुलिस

ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप या फिर डीसीएम हो,उन पर सवारियों को लाने ले जाने पर रोक के बावजूद सब कुछ हो रहा है। वैसे तो हर तरफ ऐसा देखा जा सकता है, लेकिन नैमिषारण्य जाने के लिए सीतापुर का रास्ता सबसे आगे हैं। लेकिन सवाल है कि इस रोड पर एक दो नहीं कई थाना-चौकी और पुलिस के बैरियर है, लेकिन फिर भी हादसों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके लिए कहा जा रहा है कि पुलिस चाहे तो इन सब पर रोक लग सकती है, लेकिन वह तो देख कर भी अनदेखी कर रही है। तभी तो हो रहे हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है।

# व्यापारी पर धान के रुपए हड़पने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली की नवीन मंडी स्थित मेसर्स श्री हरि ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ने दिल्ली के व्यापारी पर धान का भुगतान न देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहाबाद कोतवाली के नवीन मंडी के व्यवसाई मेसर्स श्री हरि ट्रेडिंग कंपनी के मालिक मुकेश शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला निवासी मोहल्ला पठकाना ने बताया 5 नवंबर 2023 को लारेंस रोड, केशव पुरम् दिल्ली के नुपुर मार्केटिंग कंसलटेंट कंपनी के दिलीप निगम पुत्र लक्ष्मी नारायण निगम उनके पास आए और धान खरीदने का सौदा किया।वह एक ट्रक धान 4,07,238 रुपए देकर ले गए, उसे दिल्ली के व्यापारी पर विश्वास हो गया। उसके बाद उसने 9 ट्रक धान विपक्षी व्यापारी को भेज दिया। विपक्षी ने 16, लाख 47 हजार 179 का भुगतान भेज दिया। शेष 17 लाख 73 हजार 764 रुपया बाकी रह गया। मांगने पर भी विपक्षी उसके रुपए नहीं दे रहा है। पुलिस ने आरोपी व्यवसाई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

## एक नजर

### तमंचा के साथ युवक को पकड़ा, भेजा गया जेल

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के दनिया पुर विक्कू रेलवे क्रासिंग के पास से पुलिस ने युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आंझी चौकी प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि बुधवार को दनियापुर विक्कू रेलवे क्रासिंग के निकट युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया। युवक ने अपना नाम दिनेश निवासी फतेहपुर गयंद बताया। उसे जेल भेजा गया है।

### जागरूकता शिविर कल

हरदोई। खादी ग्रामोद्योग कल शनिवार को विकास खंड अहिरोरी पर एक जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा एससीएसपी के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन 17 फरवरी को विकास खण्ड अहिरोरी में किया जायेगा।

### दिवंगत पत्रकार को मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार कोथावां कस्बा निवासी रजनीकांत के निधन पर हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के ब्लाक कोथावां इकाई के अध्यक्ष के द्वारा शोकसभा का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय बेनीगंज में किया गया। शोकसभा में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के कोथावां ब्लाक अध्यक्ष बृद्धसेन सोनी व मीडिया प्रभारी प्रदीप वैश्य पत्रकार साथी राजीव रंजन त्रिपाठी, सन्तोष मिश्रा, रोहित मिश्रा, विमल त्रिपाठी, पुनीत मिश्रा, सुदेश कुमार ज्योति, पीयूष तिवारी, दिलीप कुमार, शिवम गुप्ता के साथ गणमान्य व्यक्ति सुरेंद्र गुप्ता कल्लू भईया, सत्य नारायण गुप्ता सत्तू, मिलन त्रिपाठी, सीपू वैश्य, गौरव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# बेकाबू होकर दौड़ी कार ने कई लोगों को मारी टक्कर

हरदोई

**अमृत विचार।** सुबह-सुबह शहर की सड़क पर बेकाबू दौड़ रही एक लग्ज़री कार ने बावन चुंगी से डीएम चौराहा (स्वर्ण जयंती चौक) के बीच कई ऐसे राहगीरों को अपनी चपेट में लेते हुए उन्हें जख्मी कर दिया जो या तो अपने बच्चों को स्कूल छोड़ कर लौट रहे थे,या जो रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे।

मामला गुरुवार की सुबह-सुबह का है। एक वैगन-आर कार जो बावन चुंगी की तरफ से बेकाबू दौड़ती हुई डीएम चौराहा की तरफ भाग खड़ी हुई। उसी बीच शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी ब्रजपाल सिंह अपनी पुत्री अनीशा सिंह के साथ स्कूटी से स्टेशन से घर जा रहे थे,उसी बीच दोनों पिता-पुत्री उसकी चपेट में आने से जख्मी हो गए। उसी बीच सुभाषनगर निवासी देवेंद्र मोहन बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद तीन वर्षीय पुत्री काव्या को साथ ले कर बाइक से घर जा रहे थे, बेकाबू कार ने उन्हें भी टक्कर मार दी, जिससे दोनों जख्मी हो गए। जख्मी हुए ब्रजपाल और देवेंद्र मोहन को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस उस वैगन-आर का पता लगा रही है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा कल, 9840 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरदोई

**तैयारियां लगभग पूरी**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर होगी। सीसीटीवी से लैस परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में जोन, सेक्टर के साथ ही चार सचल दस्ता भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही खुफिया विंग भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेगी। परीक्षा के संबंध में अन्य तैयारियां पूरी हो चुकी है। परीक्षा में कुल 9840 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

यूपी पुलिस की आरक्षी के पद के लिए, लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को होगी। ऑफलाइन होने वाली परीक्षा के लिए जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के लिए शासन और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित होने वाली परीक्षा में कड़ी चौकसी रहेगी। परीक्षा नकलविहीन संपन्न हो इसके लिए हर स्तर पर मजिस्ट्रेट और सचल दस्ता गठित किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों को निरीक्षण करते रहेंगे। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर खुफिया विंग अलर्ट रहेगी। इसके अलावा पुलिस की स्पेशल टीम भी परीक्षा पर नजर रखेगी। सोशल मीडिया पर भी 24 घण्टे नजर रखी जाएगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। यहां अभ्यर्थियों के अलावा कोई आने-जाने नहीं पाएगा। आसपास की फोटो कॉपी आदि की दुकानें बंद रहेंगी। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। इस परीक्षा के नोडल एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 20 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं। नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। जिले को 20 सेक्टर में बांटा गया है। 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती डीएम के द्वारा की गई है। परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

केन सोसायटी नेहरू डिग्री कॉलेज लखनऊ चुंगी हरदोई, आर्य कन्या महाविद्यालय बड़ा चौराहा हरदोई, आरआर इंटर कॉलेज नघेटा रोड हरदोई, महाराणा प्रताप महाविद्यालय हरदोई, श्री सदाशिव शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नानकगंज झाला हरदोई, श्री गंगा देवी इंटर कॉलेज शुगर मिल कॉलोनी हरदोई, ज्ञानदीप डिग्री कॉलेज नेवादा टड़ियावां हरदोई, अनिल पब्लिक कॉलेज सिकंदरपुर टड़ियावां हरदोई, अजय पाल सिंह कॉलेज नेकपुर हातिमपुर पोस्ट सांडी हरदोई, राम प्रसाद कुशवाहा कॉलेज नेकपुर हातिमपुर पोस्ट सांडी हरदोई, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज अमलौखा सांडी मार्ग चचरापुर, एमएसडी पटेल कॉलेज पतसैनी कछौना हरदोई, श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज पतसैनी कछौना, बीएनएएस महाविद्यालय ग्राम व पोस्ट महरी जनपद हरदोई, श्री नारायण सिंह कॉलेज ककरघटा शाहबाद हरदोई, श्री हर्ष पांडे आदर्श इंटर कॉलेज शाहाबाद हरदोई, श्री विमला देवी पब्लिक इंटर कॉलेज कौढ़ा हरदोई, डॉ हरिशंकर मिश्रा महाविद्यालय मलीहामऊ हरदोई, स्वामी कल्याणनंद महाविद्यालय न्योरादेव बावन।

# गोमती नदी में उतराते मिले तीन दर्जन से अधिक गोवंशों के शव

## बिना पोस्टमार्टम कराए ही अधिकारियों ने शव कराए दफन

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई-सीतापुर बॉर्डर पर गुरुवार को तेरवा महादेव घाट से गुजरी गोमती नदी में तीन दर्जन से अधिक गोवंश मृत मिले। सूचना मिलने पर गुरुवार की दोपहर प्रशासन ने शवों को बाहर निकलवाकर जेसीबी से गड्ढों में दफन करवाया।

बताते चलें कि सीमा से जुड़े रामपुर गांव के पास से तेरवा महादेव घाट से गोमती नदी गुजरी हुई है। गुरुवार की सुबह नदी में तीन दर्जन से अधिक गाय मृत मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची सीओ संडीला, एसडीएम संडीला, अतरौली प्रभारी निरीक्षक ने स्थानीय लोगों के सहयोग से मृत गोवंशों को गड्ढों में दफन करवाना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे बाद एक पुलिस के अधिकारी ने बीडीओ भरावन को मामले की सूचना दी जिसके चार घंटे बाद बीडीओ भरावन नदी पर पहुंची। गौरतलब हो कि भरावन क्षेत्र में आए दिन छुट्टा जानवरों को लेकर समस्याएं आती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस पर ध्यान नही दे रहे हैं। बीडीओ भरावन रीता सिंह ने बताया यह मामला पशु चिकित्सा अधिकारी के तहत आता है उनसे कोई संबंध नहीं है। पशु चिकित्साधिकारी शंभू शरण चौधरी ने बताया कि वह मौके पर पहुंचकर मृत गौ वंशों का पोस्टमार्टम करेंगे । खबर लिखे जाने तक सभी जानवर बाहर नहीं निकल पाए थे। देर शाम एसडीएम संडीला तान्या सिंह व भरावन बीडीओ घर के लिए रवाना गईं जबकि सीओ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर डटी रहीं।



### क्षेत्र में छुट्टा नहीं घूमेंगे गौवंश : सांसद

**हरदोई, अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र के सांडी विधानसभा के अहिरोरी ग्राम पंचायत बरखेरवा में सांसद जयप्रकाश ने कान्हा गौशाला का पूजन अर्चन कर उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि ऐसी बहुत सी कान्हा गौशाला निर्माणाधीन और बन रही है। अब पूरे लोकसभा क्षेत्र में कहीं भी छुट्टा जानवर नहीं रहेंगे। गोवंश संरक्षण को अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अहिरोरी धर्मवीर सिंह पन्ने, ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, धीरू सिंह, गुड्डू सिंह , सतेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, मनोज, अनिल पाल, विजय नारायण राजपूत, खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद यादव रहे।

# कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर कराएं उचित देखभाल

हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सौम्या गुरूरानी ने जनपद में संचालित पोषण एवं पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) के सुव्यवस्थित संचालन एवं अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की ।

कहा कि एनआरसी गाइड लाईन के अनुसार बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र पर संदर्भन हेतु आषा/आंगनवाड़ी को 50 रूपये प्रति बच्चे तथा डिस्चार्ज होने के उपरांत प्रत्येक 15-15 दिनों पर चार बार फॉलोअप कराने पर 100 रुपये इस प्रकार प्रति बच्चे कुल 150 रुपये की दर से प्रोत्साहन भत्ता दिये जाने का प्राविधान है, परन्तु धनराशि उपलब्ध होने के बाद भी उक्त धनराशि संबंधित को नहीं दी जा रही है। इस संबंध में उन्होंने प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज को अपने स्तर से संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि माह जनवरी 2024 में चार बच्चे एवं माह फरवरी में अब तक मात्र छह बच्चे ही भर्ती हुये है। उन्होंने निर्धारित क्षमता के अनुरूप बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिये।



किसान गोष्ठी को संबोधित करतीं राज्यमंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने किसान गोष्ठी में गिनाईं उपलब्धियां

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार ।** गुरुवार को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने नेवादा स्थित कृषि गोष्ठी में भाजपा सरकार की नीतियों का बखान करते हुए कहा अबुधाबी में सनातनियों के लिए भगवान के कपाट खोल दिए गए हैं। मुख्य अतिथि मंत्री रजनी तिवारी ने कहा भाजपा सरकार में गांव-गांव बिजली पहुंच चुकी है , किसानों को सरकार सम्मान निधि दे रही है जिससे किसान अब ब्याज पर रुपए न लेकर खेती कर रहे हैं। कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण होने के बाद अबुधाबी में सनातनियों के लिए मंदिरों के कपाट खोल दिए गए हैं ।सांसद अशोक रावत ने कहा भाजपा सरकार में योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिला है ।एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा पहले गेहूं का मूल्य 1350 रुपए था आज सरकार ने किसान हित में दोगुने की वृद्धि की है । प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा अब देश का प्रधान सही है तभी वायुमंडल स्वच्छ है ।गोष्ठी में प्रमोद सिंह, राजेश अवस्थी, रामचंद्र उर्फ बाबू , विनोद सिंह, अरुण सिंह व मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# निरीक्षण की खानापूर्ति कर लौट गए डीआरएम

हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह निरीक्षण के लिए आए थे। डीआरएम का यह निरीक्षण महज़ खाना पूर्ति माना जा रहा है। डीआरएम ने 10 से 15 मिनट में ही अपना निरीक्षण पूरा कर आगे की ओर रवाना हो गए। डीआरएम को हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही सुविधा नजर नहीं आई। हरदोई में डीआरएम मुरादाबाद का बीते 1 से 2 महीना में यह दूसरा निरीक्षण करने आये थे। दोनों ही निरीक्षण डीआरएम के खानापूर्ति साबित हुए।

डीआरएम राजकुमार सिंह हरदोई रेलवे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत बनने वाली नई बिल्डिंग का कार्य अब तक शुरू नहीं कर पाये है जबकि अन्य स्टेशनों पर कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। डीआरएम मुरादाबाद पत्रकारों के सवालों से बचते नजर आते हैं। डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन के गुरुवार किए गए निरीक्षण में पत्रकारों को कार्य करने से मना कर दिया।इसी के साथ डीआरएम द्वारा दिए गए एक बयान ने मंडल की पोल खोल कर रख दी है। डीआरएम के पत्रकारों के साथ इस व्यवहार से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। हरदोई के पत्रकारों ने रेल से जुड़ी खबरे का बहिष्कार करने का मन बनाया है।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार सिंह। अमृत विचार

**दौरा**

▸▸ 10 से 15 मिनट के अंदर ही रवाना हो गए आगे की ओर

### बचते नजर आए डीआरएम

राजकुमार सिंह के मुरादाबाद का डीआरएम बनने के बाद से मंडल में विकास कार्य की गति धीमी हो गई है। छोटे स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव समाप्त चल रहा है जबकि कई रेलवे स्टेशनों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई मांगों को भी नजर अंदाज कर दिया जाता है। डीआरएम कार्यालय में डीआरयूसीसी की बैठक में भी सदस्य प्रस्ताव रखते हैं लेकिन उन प्रस्तावों डीआरएम मुरादाबाद कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। हरदोई में गुरुवार को निरीक्षण के दौरान डीआरएम राजकुमार सिंह ने पत्रकारों को फोटो खींचने से मन कर दिया जबकि पत्रकारों द्वारा उनसे आने के विषय में जानकारी लेना चाहते थे। पत्रकारों के सवालों से इसलिए बसे नजर आए क्योंकि हरदोई में अब तक नई बिल्डिंग का निर्माण नहीं शुरू हो सका है वहीं बालामऊ से काकोरी के बीच मुरादाबाद मंडल की सबसे बड़ी चोरी में अब तक रेलवे सुरक्षा बल के हाथ खाली हैं।

## सार-संक्षेप

### रास्ते में रोक कर छीने रुपए, चलाए ईंट-पत्थर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** रास्ते में रोक कर रुपये छीनने और फिर घर पर धावा बोल कर वहां ईंट-पत्थर चलाए जाने से भगदड़ मच गई। पथराव किए जाने का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। एक्शन में आई पुलिस ने केस दर्ज करते हुए एक हमलावर को दबोच लिया,जबकि फरार हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। शाहाबाद कस्बा के मोहल्ला गढ़ी मुरीद खानी निवासी रमीज़ खान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह घर से बाज़ार जा रहा था,उसी बीच रास्ते में सैफ खां,शाबेज़ खां,शब्बन खां,रशीद खा,शाबान खा उर्फ गुलाटी,रूमी खां, फैज़ान खां और अमान खां ने उसे तालाब के पास पकड़ लिया। पहले तो गाली-गलौज करते हुए उसको मारा-पीटा फिर उसकी जेब से 20 हज़ार पांच सौ रुपये भी छीन लिए। वहां से किसी तरह वह हमलावरों के चंगुल से छूट घर मे घुस गया। पीछे दौड़ रहे हमलावर भी वहां पहुंचें और उसके घर में घुस गए और ईंट-पत्थर चलाते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसकी बाइक और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें हमलावर ईंट-पत्थर चलाते हुए दिखाई दे रहें हैं। इस बारे में एसएचओ शाहाबाद राजदेव मिश्रा ने बताया कि दी गई तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। एक हमलावर की गिरफ्तारी भी की गई है, जबकि फरार हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



बरामद मोबाइल के बारे में जानकारी देते एसपी केसी गोस्वामी।

### सर्विलांस टीम ने बरामद किए चोरी हुए मोबाइल

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी की गाइडलाइन पर चल रही सर्विलांस टीम ने गुम होने वाले 50 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हे उनके मालिकों को सौंपा। मोबाइल पाते ही गुम हो चुके चेहरों पर खुशी दौड़ पड़ी। बरामद होने वाले मोबाइल 10 लाख 60 हज़ार 94 रुपये कीमत के बताए गए हैं। गुरुवार को एसपी श्री गोस्वामी की मौजूदगी में पुलिस लाइन के सभागार में मोबाइल सौंपें गए। इस मामले में एसपी श्री गोस्वामी ने बताया कि ज़िले के कई थाना-कोतवाली से गुम होने वाले मोबाइल फोन को सर्विलांस टीम ने कड़ी मेहनत करने के बाद उन्हें बरामद कर लिया। बरामद किए गए 50 मोबाइल फोन की कीमत 10 लाख 60 हज़ार 94 रुपये है। उन्होंने बताया की मोबाइल फोन बरामद करने के बाद उनके मालिकों को पुलिस लाइन सभागार में बुला कर उन्हें सौंप दिए गए। इस दौरान गुम हो चुके मोबाइल फोन के मालिकों के गुम चेहरों पर खुशी दौड़ गई। एसपी ने बताया कि मोबाइल बरामद करने में टीम के प्रभारी आशीष सिंह के साथ कांस्टेबिल ओमवीर सिंह, प्रदीप कुमार और अंकुर कुमार शामिल रहे। एसपी ने पूरी टीम की सराहना की है।

### संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में दिलाई शपथ

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका मल्लावां ने विकसित संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन अलग-अलग स्थानों पर किया। जिसमें सभी को ईओ प्रेम नरायण वर्मा ने शपथ दिलाई। यात्रा के दौरान एलईडी पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दिखाया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष अरुण कुशवाहा, महामंत्री तेज सिंह, मंगराम, सगीर, प्रदीप अनेक लोग मौजूद रहे।

### पिकअप में केबिल फंसने से गिरा पिलर, बच्चे घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला बुधबाजार में बुधवार की शाम एक ओवरलोड पिकअप में केबिल फंस जाने से पिलर गिर गया जिससे दो मासूम घायल हुए हैं। एक सात वर्षीय मासूम का पंजे सहित पैर कट कर अलग हो गया, जबकि दूसरे का सिर फट जाने से लहूलुहान हो गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। कस्बे के मोहल्ला बुध बाजार निवासी निजाकत अली ने बताया बुधवार शाम को उसके भतीजे रहमान सात वर्ष पुत्र फिरासत और नदीम नौ वर्ष पुत्र लियाकत अली दरवाजे पर खेल रहे थे। तभी बरुआ बाजार के शरीफ अपनी ओवरलोड पिकअप लेकर उधर से निकला। ओवरलोड पिकअप में केबिल फंस गया। केबिल खींचने के कारण पिलर का बड़ा हिस्सा भरभरा कर दोनो बच्चों पर गिर गया, जिससे दोनो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों पड़ोसी इमरान तुरंत लेकर शाहजहांपुर निजी अस्पताल भागे। जहां डाक्टरों ने रहमान का पैर पंजे के पास से काट दिया। जबकि नदीम के सिर में बहुत चोट लगी है।

### सफाई की आड़ में साफ कर दिए गए सरकारी पेड़

**हरदोई, अमृत विचार।** रजबहा की सफाई की आड़ में रातों-रात सरकारी हरे पेड़ काट कर बेच दिया गया। ऐसी हरकत करने वाले जेई की डीएम से शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि नहर विभाग कासिमपुर थाने के सरेहरी रजबहा की सफाई करा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई की सांठ-गांठ से सरकारी हरे पेड़ काट डाले गए और रातों-रात उन्हें बेंच भी दिया गया। पेड़ों को गिरा दिया जाता हैं। इस बारे में जानकारी लेने के लिए जेई से बात की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने का हवाला देते हुए बाद में बात करने को कहा।

# टॉवर चोरी होने के मामले में उलझी पुलिस

हरदोई

**फॉलोअप**

**अमृत विचार।** जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. कंपनी का 60 मीटर ऊंचा टॉवर चोरी होने के मामले में जितना लोग अचंभित है उतना ही पुलिस भी हैरान है। केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही पुलिस को तहरीर देने वाले टॉवर के टेक्नीशियन की बात भी समझ नहीं आ रही है। उधर जमीन मालिक के पुत्र का कहना है कि कंपनी पर उसका एक लाख 60 हज़ार रुपये किराया बकाया था, जो उसे मिल चुका है। माना जा रहा है कि इस सारे खेल में कंपनी के ही कथित कुछ लोगों शामिल हो सकते हैं और उन्हीं के कहने पर टेक्नीशियन ने पुलिस को तहरीर दी है। बता दें कि जौनपुर ज़िले के 104- भीलमपुर निवासी संजीव कुमार सिंह जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.कंपनी के टेक्नीशियन पद पर तैनात हैं। उसने कोतवाली शहर में ऑन-लाइन शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें लालपालपुर में जगपाल सिंह की ज़मीन पर लगा कंपनी का टॉवर चोरी होने की बात कही थी। कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी जगपाल सिंह ने अपनी भूमि पर टॉवर लगाने के लिए कंपनी के साथ एग्रीमेंट किया था।

बताते हैं कि जगपाल सिंह ने साल 2006 में अपनी जमीन पर टॉवर लगाने के लिए साल 2016 तक के लिए किराए पर देने का एग्रीमेंट किया था। साल 2016 में जगपाल सिंह की मौत हो गई। उसके बाद उनके पुत्र धीरेंद्र सिंह ने टॉवर बंद होने के चलते वहां से टॉवर, जनरेटर व बैट्री उठा ले जाने के लिए कंपनी को सूचना भेजी थी। पुलिस की पूछताछ में धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी के पहले तैनात टेक्नीशियन वहां से जनरेटर, बैट्री और टॉवर उठा ले गए थे। वही लोग अपना बचाव करते हुए का बचाव के उसके दिवंगत पिता पर चोरी करने की आशंका करते हुए आरोप लगाया गया है। धीरेंद्र का कहना है कि कंपनी के अधिकारी अपने ही अधिकारियों को बचाने के चक्कर में इस तरह की साज़िश रच रहे हैं। उसका कहना है कि कंपनी पर उसका 1 लाख 60 हज़ार रुपये किराया बकाया था, जो उसे मिल गया। कंपनी उसकी ज़मीन पर लगाया टॉवर और सारा सामान ले चुकी है। एग्रीमेंट खत्म होने के बाद उसका कंपनी के ऊपर कोई बकाया नहीं रह गया। फिलहाल पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है, पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी कुछ अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे उसके बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

# पीड़ित किशोर की मां ने दबाव बनाए जाने का लगाया आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** लूटपाट के मामले में पुलिस हिरासत में लिए गए किशोर के साथ कुकर्म का आरोप लगाने वाली उसकी मां ने अब पुलिस पर केस खत्म करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। कहा कि घर पहुंचकर दरोगा और कांस्टेबल ने दबाव बनाया।

बताते चलें कि 7 फरवरी को कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार के एक मैरिज लॉन में लखनऊ से बरात में दूल्हे के पिता के हाथ से बैग लूट की घटना हुई थी। उसी मामले में तथाकथित क्राइम ब्रांच की टीम 10 फरवरी को 13 वर्षीय किशोर को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची। उसी किशोर की मां का आरोप था कि वहां पुलिस के सामने दो युवकों ने उसके पुत्र के साथ कुकर्म किया और वीडियो भी बनाया। फिर बाद में देर रात को उसे छोड़ भी दिया। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने कहा कि सीओ सिटी अंकित मिश्रा जांच कर रहें हैं। महिला और उसके पुत्र के साथ पूरा इंसाफ़ होगा। जांच में जो भी दोषी होगा,उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

**कार्यक्रम** लाभार्थी संपर्क अभियान लोकसभा कार्यशाला का हुआ आयोजन, जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने योजनाओं का बखान करते हुए कहा–

# मोदी सरकार ने आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का दिया आधार

हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कल्याणकारी योजनाओं का निर्माण हुआ। अनेक योजनाओं के माध्यम से उसको सशक्त बनाने और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का आधार दिया। यह बात भाजपा जिला कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान लोकसभा कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी एवं सदर लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे ने कही।

जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि संपर्क अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना है। इस कार्यक्रम के निमित्त देश भर के 25 लाख कार्यकर्ताओं के द्वारा मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के छह करोड़ से अधिक लाभार्थियों से देशभर में संपर्क किया जाना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रतिभागी, कार्यकर्ताओं को इस लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत पूर्ण निष्ठा के साथ अपना योगदान करें। लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे ने कहा कि जिले की लोकसभा में एक से तीन मार्च तक संपर्क अभियान चलेगा। बूथ से लेकर मंडल स्तर तक एक एक लाभार्थी से संपर्क साध कर उसका फीडबैक लेना है। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री अनुराग मिश्र ने किया। कार्यशाला में लोकसभा संयोजक/जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह, सत्यम शुक्ला आदि मौजूद रहे। संडीला संवाददाता के अनुसार भाजपा की ओर से चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत संडीला कस्बे के लोकसभा कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई कार्यशाला का शुभारंभ जिलाअध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सांसद अशोक रावत व विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।





भाजपा के जिला पार्टी कार्यालय पर आयोजित संपर्क अभियान कार्यशाला में बोलते वक्ता और मौजूद कार्यकर्ता। फोटो : अमृत विचार

## एक नजर

### रोजगार मेले में 17 को कंपनियां लेंगी साक्षात्कार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला समन्वयक, उप्र कौशल विकास मिशन अवधेश सिंह ने बताया कि जनपद में रोजगार मेले का आयोजन 17 फरवरी को उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर, जिला सेवायोजन कार्यालय के सम्मिलित तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में सुबह 09 .30 बजे से आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले 10 से अधिक कम्पनियों द्वारा अधिक से अधिक रिक्तियों के लिए विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा। उक्त रोजगार मेले में कक्षा 8, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा उर्तीण 18 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो एवं बायोडाटा की तीन प्रति में लेकर आयें।

### उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** गुरुवार को उपमुख्यचिकित्सा अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने पिसावा कस्बे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों की बैठक में भी प्रतिभाग किया। गुरुवार को कस्बे में स्थित सीएचसी का उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा वितरण कक्ष,लैब,ओटी,जेएसवाई आदि का निरीक्षण किया ।इस दौरान चल रहे नसबंदी शिविर के विषय में भी जानकारी ली ।इसके बाद पर सभागार कक्ष में पहुंच कर एएनएम की बैठक में प्रतिभाग किया ।इस दौरान सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों ने उन्हें डिप्टी सीएमओ पद पर आसीन होने की पर बधाई स्वरूप चित्र भेंट किया ।इस मौके पर उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अधीक्षक अवनीश कुमार,अरुण शुक्ला, बीपीएम तरुण त्रिवेदी, बीसीपीएम दुर्गेश सिंह,सोनम पांडेय,रानी मिश्रा, शिल्पी वर्मा, सुमन,श्रीमती, शैलू, नेहा, रंजना,कमल,डॉली,रेखा यादव,स्मिता आर्या,नन्ही देवी आदि उपस्थित रहे।

### किसी भी स्कूल की सबसे कीमती संपत्ति होते हैं विद्यार्थी

**तंबौर।** यह बहुत भावुक दिन है, जब हम 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन कर रहे हैं। हमें आप सभी को उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करने और आकार देने में कई वर्षो का लम्बा समय लगा। उक्त बातें रेडियन्स इण्टर कालेज मे प्रबधक अजीज अहमद गौरी ने 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में कही। कार्यक्रम में शिक्षक विशाल रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार मो जियाउल हक, सभासद मो जईम, मनोज श्रीवास्तव, सईद खान, उसामा, मो हनीफ, हफीज खान, कुलदीप मौर्य ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी स्कूल की सबसे कीमती सम्पत्ति होते हैं, उनके बिना शिक्षक और विद्यालय कुछ भी नही है। विदाई समारोह में विद्यार्थी अच्छी वेशभूषा में बहुत सुंदर लग रहे थे। सभी के चेहरे पर खुशी और गम के मिले-जुले भाव थे, क्योंकि आज वह यात्रा जो उन्होंने स्कूल में शुरू की थी, पूरी हो गई थी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ किया गया। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विनीत तिवारी, अतीक हाशमी, दिलशाद खान, सविता कुमारी, श्वेता श्रीवास्तव, माऊन खान, अब्दुल लतीफ, अरविन्द्र श्रीवास्तव, खुशनीदा, जीनत जहा, शाहजहाँ नूरी आदि मौजूद रही।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बड़ी भूमिका: मयंकेश्वर

**सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड खैराबाद परिसर में गुरुवार को महिलाओं का सम्मान समारोह शक्ति वंदन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की बहुत बड़ी हिस्सेदारी है। प्रधानमंत्री का स्वप्न है कि आने

**▸▸ विकासखंड खैराबाद के परिसर में शक्ति वंदन अभियान का किया गया आयोजन**

वाले भारत में दो करोड़ लखपती दीदी हों, इसके लिए भी सभी को प्रयास करना होगा। हर स्वयं सहायता समूह लखपती दीदी के रूप में उभरे एवं जनपद सीतापुर का इसमें प्रथम स्थान हो, इसके लिए भी सभी को प्रयास करना है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत लगभग पौने दस वर्षों के कार्यकाल में देश की छोटी से छोटी समस्या को पहचानते हुए उसका समुचित निदान भी किया है। प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि विगत पौने दस वर्षो के समय में पूरे देश में 14 करोड़ से अधिक



महिला को शक्ति वंदन प्रमाण पत्र देते राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

शौचालय बनवाए गए, जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिकांश आवास बहनों के नाम पर आवंटित कर उन्हें सशक्त किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला शक्ति वंदन की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। उनकी सुरक्षा एवं विकास हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं तथा महिलाओं संबंधी अपराध के मामलो में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में दर्शन के विषय में बताते हुए सभी को दर्शन हेतु प्रेरित किया तथा आबूधाबी में प्रधानमंत्री ने भव्य राममंदिर उद्घाटन के विषय में बताते हुए कहा कि भारत बदल रहा है एवं विश्व में इसका सम्मान बढ़ा है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, दिनेश तिवारी, नीरज सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी प्रकाश कुमार, सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह, डीडीओ हरिशचंद्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# 22 फरवरी से नौ मार्च तक होंगी बोर्ड परीक्षाएं

## बनाये गये 146 परीक्षा केंद्र, डीआईओएस कार्यालय में स्थापित किया गया कंट्रोल रूम व मॉनिटरिंग सेल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कालेज के कम्यूनिटी हाल में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज 22 फरवरी 2024 से 09 मार्च तक आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के संबंध बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में कुल 146 परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं। कुल 146 परीक्षा केन्द्रों के सापेक्ष 19 राजकीय, 41 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 86 वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

परीक्षा वर्ष 2024 में जनपद में कुल 92285 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल के 50980 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट के 41305 परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जनपदस्तरीय कंट्रोल रूम/मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है, जिससे समस्त 146 परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की




राजकीय इण्टर कॉलेज के कम्युनिटी हाल में बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में जानकारी करते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

जायेगी। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों/अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों की तैनाती हो चुकी है। परीक्षा केन्द्रों पर 146 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 07 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती हो चुकी है। कक्ष निरीक्षकों के परिचय-पत्र प्रहिस्ताक्षरित किये जा रहे हैं। जनपद स्तर पर सात सचल दल का गठन किया गया है। सादी उत्तर-पुस्तिकाएं समस्त परीक्षा केन्द्रों में भेजी जा चुकी हैं। 19 फरवरी को प्रश्न-पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों के लिए बन्द वाहन से भेजे जायेंगे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने कार्यों के दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करेंगे। केन्द्रों पर जाकर व्यवस्था देख लें, यदि कोई मूलभूत सुविधाओं की कमी है, उसे समय से पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम के बाहर रजिस्टर रखा जाये ताकि जो भी लोग स्ट्रांग रूम में जाये उसमें अपना विवरण अंकित कर सकें। साथ ही स्ट्रांग रूम के अन्दर किसी का भी मोबाइल नहीं जायेगा, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा कक्ष में प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि जहां तक हो सके बच्चों को पीने का पानी परीक्षा कक्ष के अन्दर ही उपलब्ध करा दिया जाये ताकि बच्चों का टाइम खराब न हो। सभी केन्द्रों पर पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी व वॉयस रिकार्डर को भी चेक कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गलती क्षम्य नहीं है और इसका कोई समाधान नही है।

### अराजक तत्वों पर रखी जाएगी विशेष नजर

जिलाधिकारी ने कहा कि अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाये ताकि परीक्षा के समय माहौल खराब करने की कोशिश न करें। एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने कहा कि परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये गये कि गेट के अन्दर कोई भी मोबाइल लेकर न जाये। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी वाहन पेपर लाने व ले जाने का कार्य करती है वह वाहन अपने निर्धारित स्थान पर ही रूके तथा सभी अपने कार्यों का निर्वहन भलीभांति करें। बैठक के दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह, केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कमी होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत करायें। परीक्षा में यदि किसी भी बच्चे की तबीयत खराब होती है तो जरूरत के अनुसार तुरन्त उसको नजदीकी स्वास्थ्य पर ले जायें।

# फिर बहते दिखे आदिगंगा गोमती में गोवंशों के शव

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** संदना थाना इलाके में आदिगंगा गोमती नदी में गुरुवार को एक बार फिर करीब आधा सैकड़ा मृत गौवंशों के शव उतराते मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने गौवंशों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सुरक्षित दफनाया। दो दिन पूर्व कोनीघाट पुल के नीचे बह रही सरायन नदी में लगभग आधा सैकड़ा शव मिलने से हिन्दू संगठनों ने जमकर हंगामा काटा था। जिला प्रशासन गौवंशों के शव मिलने के मामले की छानबीन में जुटा हुआ है, लेकिन अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सका है।

बताते चलें कि बीते सोमवार को कोनीघाट पुल के नीचे बह रही सरायन नदी में लगभग सैकड़ों शव मिलने से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। हिन्दू संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर घटना के खुलासा किए जाने की मांग की थी।

**मचा हड़कंप**

**▸▸ पोस्टमार्टम कराकर जिला प्रशासन ने दफनाये शव, पहले भी मिल चुके हैं शव**

### संजीदा नहीं अफसर

ग्रामीणों की मानें तो प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही के चलते गौवंशों की ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विकास खंड गोंदलामऊ में कुल 15 गौशालाये है। यहां किसी गौशाला में चारे की कमी तो कही पानी की कमी से गौवंश जूझते रहते है। भूख,प्यास के चलते गोवंश अपना दम भी तोड़ देते है। ग्रामीणों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि गौशाला में दम तोड़ रहे बेजुबानों को नदी में बहाया जा रहा है।

माहौळ अभी शांत नही हो पाया था कि गुरुवार को क्षेत्र के तेरवा गांव के समीप निकली आदिगंगा गोमती नदी में एक बार फिर गौवंशों के शव देखे जाने से समूचे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन



ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकालती टीम व गढ्ढा खोदती जेसीबी। अमृत विचार

को जानकारी दी गई। मौके पर तहसीलदार सिधौली, फायर बिग्रेड की टीम व पशु पालन विभाग के अधिकारी पहुंचे। मजदूरों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गौवंशों के शव को नदी से बाहर निकालकर जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर शवों को दफन किया गया। पंद्रह घंटे की कड़ी जद्दोजहद के बाद राज्य आपदा मोचन बल की टीम द्वारा गौवंशो के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफनाया गया।

> इस मामले पर सीडीओ निधि बंसल ने बताया कि प्रकरण की जांच पड़ताल के लिए राजस्व टीम लगातार आस-पास के इलाकों के गौशालाओं में भ्रमण कर छानबीन कर रही है। जल्द ही पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नदियों में गौवंशों के मामले में हरदोई जनपद के गौशालाओं से भी जानकारी की जा रही है।
>
> **-निधि बंसल**, सीडीओ

# युवती का शव छोड़कर भागे ससुरालीजन चार पर मुकदमा

झरेखापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव निवासी अमृत लाल ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री गोलू देवी उर्फ कल्पना (21) की शादी आठ माह पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज से इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के गांव बेलमाऊ खुर्द निवासी भानुप्रताप सिंह के साथ के साथ की थी जिसमे सामर्थ्य के हिसाब दान दहेज भी दिया था, लेकिन पुत्री के ससुराल वाले दामाद भानुप्रताप तथा जयराम, धनीराम, राधा देवी पुत्री से अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे और मानसिक तथा शारीरिक यातना देकर प्रताड़ित करते थे। गत रात्रि मेरी पुत्री को उपरोक्त सभी लोगो ने मार डाला मुझे जब सूचना मिली तो हम लोग मौके पर पहुंचे तो मेरी पुत्री की शव जमीन पर पड़ा मिला और ससुरारी जन मौके से फरार थे ।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।थाना प्रभारी इमलिया सुल्तानपुर प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। तहरीर के मुताबिक चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### हनुमानगढ़ी के दही चूरा वाले बाबा के दांव से चित हुए पहलवान



पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती दंगल की शुरुआत करते महंत प्रेमदास।

**झरेखापुर।** क्षेत्र के गौरिया कला गांव में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर, राजस्थान, अयोध्या, गोंडा, नैपाल से आए पहलवानों ने एकदूसरे के खिलाफ जमकर दांव पेंच आजमाए। विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ आयोजन के संरक्षक महंत प्रेमदास साहब ने पहलवानों से हाथ मिला किया। पहली कुश्ती पहलवान राजन थापा नैपाल व सोमवीर पहलवान कानपुर के बीच हुई। जिसमें राजन थापा ने सोमवीर को चित्त कर बाजी जीत ली। वहीं अयोध्या हनुमान गढ़ी के पहलवान दही चूरा वाले बाबा की महेन्द्र पहलवान राजस्थान के बीच हुई कुश्ती में दही चूरा वाले बाबा जीते। गोंडा के नंदनी महाविद्यालय के रवी पहलवान व नैपाल के राजन थापा के बीच हुई कुश्ती में रवी पहलवान विजयी रहे। अयोध्या हनुमान गढ़ी के बाबा उमाशंकर दास व मध्य प्रदेश सतना के पहलवान काला चीताबीच हुई कुश्ती में बाबा उमाशंकर दास विजयी रहे। अयोध्या हनुमान गढ़ी के दही चूरा वाले बाबा व इलाहाबाद के शमीर के बीच हुयी कुश्ती में दही चूरा वाले बाबा ने शिकस्त देकर जीत दर्ज की। सभी जीते हुये पहलवानों के ग्राम प्रधान उदयराज सिंह व ग्रामीणों ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके ग्राम प्रधान उदयराज सिंह, विक्रम सिंह, लतीफ अहमद, दयाशंकर, अमित, शिवकुमार सिंह, अवध सिंह, मलखान सिंह तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत संस्था को स्वावलम्बी बनाने पर जोर दें: सचिव



बैठक में आय व्यय, निर्माण कार्यों सम्बन्धी उपलब्धियों तथा उपविधियों के बारे में जानकारी लेते सचिव व संयुक्त सचिव। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** गुरूवार को सचिव, पंचायती राज मंत्रालय विवेक भारद्वाज व एपी नागर संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जिला पंचायत की सामान्य बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। जिसमें अध्यक्ष जिला पंचायत श्रद्धा सागर गुप्ता व जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सचिव व संयुक्त सचिव को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने जिला पंचायत की आय व्यय, निर्माण कार्यो सम्बन्धी उपलब्धियों तथा उपविधियों के बारे में जानकारी दी। सचिव ने आय के निजी स्त्रोतों को बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में भगवान श्रीराम प्रभू के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिये प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। सदस्यों को सम्बोधित करते हुये सचिव ने कहा कि आप लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें एवं जिला पंचायत संस्था को स्वावलम्बी बनाने पर जोर दें। बैठक के अन्त में अध्यक्ष जिला पंचायत व जिलाधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेटकर बैठक के लिये प्रदेश के 79 जिलों में से जनपद सीतापुर को चुनने के लिये आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, मुख्य अभियन्ता पंचायती राज विभाग, संयुक्त निदेशक एवं उपनिदेशक, पंचायती राज विभाग तथा अपर मुख्य अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, अभियन्ता, कार्य अधिकारी जिला पंचायत सीतापुर समेत जनपद के विभिन्न विभागों से अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिर्फ शिक्षा के लिए ही बच्चों को प्रयोग करना चाहिए मोबाइल



एनुअल स्पोर्ट्स मीट के दौरान मौजूद बच्चे।

**झरेखापुर।** क्षेत्र के शाहमहोली के पास सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर स्थित स्टडी वेल पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को बड़ी धूमधाम से एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विमल गौतम इंस्पेक्टर कोतवाली देहात ने मशाल जलाकर किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते हैं वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में अहम योगदान देते हैं, बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 15 से 20 मिनट तक शारीरिक श्रम खेलों द्वारा करना चाहिए। बच्चों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांशिता प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए केक रेस, चॉकलेट रेस, बनाना रेस, जलेबी रस का आयोजन किया गया। प्राइमरी के बच्चों के लिए बैलून रेस, रिंग क्रॉस रेस, हर्डल रेस, पिरामिड रेस, बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। जूनियर के बच्चों के लिए स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, लैग बैक इन फ्रंट रस की पार्टनर स्पून रेस का आयोजन किया गया। वहीं सेकेंडरी बच्चों के लिए 100 मीटर रेस 400 मीटर रिले रेस शॉट पुट शेफ कैरम कबड्डी वॉलीबॉल बॉस्केटबाल अधिक खेलों का आयोजन किया गया। खेलकूद की प्रतियोगिताओं मे जीतने वाले छात्र व छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि ,स्कूल प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्य ने बच्चों को आशीर्वचन दिया।

**श्रद्धा** | **महिलाओं ने कलश में भरा जल, 24 फरवरी तक चलेगा कार्यक्रम**

# 47वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन शुरू



नहर पुल से कलश में जल भरतीं महिलाएं। अमृत विचार

तालगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड परसेंडी क्षेत्र के श्री दुर्गा धाम राही में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन स्वामी श्यामानंद फलाहारी बाबा की पुण्य स्मृति में आयोजित 47वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ विशाल जल कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल राही से पारा सराय, धोंधी, गौरिया झाल, पचदेवरा होते हुए तालगांव नहर पुल पर यज्ञ यजमान हरिओम दिक्षित सपत्नी के साथ सैकड़ों महिलाओं ने जल भरा यज्ञ आचार्य अर्जुन तिवारी साकेत धाम अयोध्या के साथ सभी वैदिक मंडल ने वैदिक मंत्रों के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जल कलश भरा। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा। यज्ञ समिति राही ने यज्ञ में शामिल होने के लिए क्षेत्र में आह्वान भी किया। कार्यक्रम 14 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा।

विशाल शोभायात्रा में सैकड़ों कारें मोटरसाइकिल ई-रिक्शा एवं हजारों लोग पैदल यात्रा करके पुनः राही यज्ञ स्थल पहुंचे शोभायात्रा में मुख्य यजमान हरिओम अवस्थी, प्रधान ओम प्रकाश शुक्ला, बाबा भयंकर आचार्य, वीरेश मिश्रा, रामचंद्र त्रिवेदी, नेता पूर्व प्रधान, गंगा प्रसाद, हर्षित दीक्षित, विनोद मिश्रा सरस्वती प्रसाद मिश्रा, मधुसूदन बाजपेई, अटल बिहारी बाजपेई, संजीव शुक्ला, प्रभाकर शुक्ला, केशव लोधी, निरंकार नाथ शुक्ला, डॉक्टर उमाशंकर जायसवाल, गौरव त्रिवेदी, किशन शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक की मौत

**पिसावां, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रौना गांव निवासी रंगई (48) पुत्र नत्थू अपनी मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल गांव रतौसिया जा रहा था। जैसे ही युवक लगभग सात बजे बरगांवा मार्ग पर स्थित गांव नकटौरा पुरवा के पास पुलिया के निकट पहुंचा कि तभी अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पिसावा लाया गया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई ।दूसरी तरफ पिसावां गांव निवासी मनोज (25)पुत्र राकेश निजी कार्य से बाजार जा रहा था। तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई ।जिसके कारण सवार बुरी तरह से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के महमदापुर गांव निवासी प्रिंस मिश्र (16) पुत्र ब्रजेश मिश्र भी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गया।



ट्रक पलटने से लगा जाम। अमृत विचार

# गन्ने से भरा ट्रक पलटा, लगा जाम

**सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर क्षेत्र के शारदा नहर रेगुलेटर के निकट तंबौर मार्ग पर गन्ने से भरे ट्रक के पलट जाने से लंबा जाम लग गया। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ी। लहरपुर-तंबौर मार्ग पर किवानी नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण शारदा नहर रेगुलेटर के निकट से डायवर्जन बनाया गया है। जिससे तंबौर आने व जाने वाले सारे वाहन गुजरते हैं। बृहस्पतिवार देर शाम तंबौर की तरफ से आ रहा गन्ने से भरा ट्रक संपर्क मार्ग से मुख्य मार्ग पर चढ़ाते समय नहर रेगुलेटर के निकट पलट गया। ट्रक के पलट जाने से दोनों तरफ आवागमन बंद हो गया। मौके पर जमा पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर छोटे वाहनों को निकलने का मार्ग बनाया।

## एक नजर

### जिया लाल ने दिया भाजपा से इस्तीफा, बसपा में वापसी

**अमेठी।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता और अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष जिया लाल त्यागी ने भाजपा से त्यागपत्र दे दिया है। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी को भेजे गये त्याग पत्र में उन्होंने भाजपा में अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ उपेक्षा और दलित समाज के लोगों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। जिया लाल त्यागी ने कहा है कि भाजपा केवल चुनावी लाभ के लिए ही अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अल्प संख्यकों का इस्तेमाल करती है। जिया लाल त्यागी अयोध्या मंडल के एससी समाज के बड़े नेता हैं। अविभाजित सुल्तानपुर के वे लम्बे समय तक बसपा के मद जिलाध्यक्ष रहे हैं। जनपद अमेठी के गठन के बाद भी उन्होंने दोनों जिलों में बसपा का संगठन बढ़ाने में विशेष योगदान किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें अपने मुख्य मंत्रित्व काल में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का उपाध्यक्ष बनाकर राज्य मंत्री का दर्जा दिया था।

### उत्कृष्ट स्थान पाकर स्कूल का नाम किया रोशन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सेम्फोर्ड स्कूल के तीन छात्रों ने अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों के अभिभावकों ने कहा कि यह उपलब्धि उन छात्रों के लिए ही नहीं बल्कि विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षा मानकों को प्रतिस्थापित करती है। ऐसे उत्कृष्ट परिणाम के पीछे विद्यालय के प्रयास एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कराने का प्रयास है। सेम्फोर्ड स्कूल के छात्र दिव्यांश, वंशिका व आनंद ने अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं सेम्फोर्ड स्कूल के प्रबंधक रंजीत सिंह ने कहा कि ऐसे उत्कृष्ट नतीजे के पीछे विद्यालय ने वैष्णवी ट्यूटोरियल के माध्यम से उत्कृष्ट और अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयारी का एक अत्यंत सकारात्मक वातावरण बनाना छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पित शिक्षक द्वारा प्रेरित और मार्गदर्शित किया जाना है। इन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल

**अमेठी।** थाना मुंशीगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय छत्ता का पुरवा से चोरी के एक गैस सिलेण्डर मय चूल्हा एवं विद्यालय में रसोई के सामान में प्रयुक्त बर्तनों के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ चोरी और माल बरामदगी की धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ।

# शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने की बैठक

**83** परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा

**22** फरवरी से प्रारम्भ होकर 9 मार्च तक होगी परीक्षा

हाईस्कूल के 28127 व इण्टर के 20953 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में होंगे शामिल

अमेठी



बोर्ड परीक्षा तैयारी की समीक्षा बैठक करतीं डीएम व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा-2024 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के परिसर में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल प्रभारी, मानीटरिंग सेल प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से प्रारम्भ होकर 9 मार्च तक संचालित होगी।

हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह साढ़े 8 बजे से पूर्वान्ह पौने 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह सवा 5 बजे तक संचालित होंगी। हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु 83 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिनमें राजकीय विद्यालय 12, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22 एवं वित्तविहीन विद्यालय 49 सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 28127 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 20953 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 49080 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु केन्द्र व्यवस्थापक 83, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक 83, जोनल मजिस्ट्रेट 4, सेक्टर मजिस्ट्रेट 13 एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट 83 बनाये गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2024 की परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दोनों ओर वाइसरिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा एवं डी.वी.आर. के साथ राऊटर डिवाइस 24 घंटे संचालित होना आवश्यक है, इसकी मानीटरिंग प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर निगरानी की जायेगी।

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य कर्मियों के पास परिचय पत्र एवं आधार कार्ड होना आवश्यक है। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के परिचय पत्र बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मियों के परिचय पत्र प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत जायेगें।

**बैठक में ये रहें मौजूद**

- बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर-स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

परीक्षा के उपरान्त केन्द्र व्यवस्थापक उत्तर पुस्तिकायें निर्धारित समय 2 घंटे के अन्दर संकलन केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज में पुलिस अभिरक्षा में जमा करेंगे। प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के बाद प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापकों की होगी। प्रश्न पत्र सम्बन्धित केन्द्र पर नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया जायेगा। प्रश्न पत्र स्ट्रॉग रूम में डबल लॉक युक्त आलमारी में सुरक्षित रखा जायेगा। परीक्षा केन्द्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, जनरेटर, इन्वर्टर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। सभी सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एव सकुशल ढंग से सम्पन्न कराएंगे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी, स्थानीय थाने से पुलिस फोर्स, क्राइम ब्रान्च, सोशल टीम सतर्क दृष्टि बनाये रखेगें। बोर्ड परीक्षा के महत्वपूर्ण प्रश्न पत्र वाले दिन विशेष निगरानी रखी जायेगी और किसी के द्वारा यदि कोई भी घटना घटित हो तो उसकी सूचना तत्काल दें। जिससे कि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जा सके।

परीक्षा के दौरान किसी भी अराजक तत्व द्वारा यदि परीक्षा में व्यवधान डाला जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें और परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न करायें।

# जिन पर था धन हड़पने का आरोप बीडीओ ने उन्हीं से कराई जांच




- विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के लगे थे आरोप
- पंचायत सेक्रेटरी ने अंत्येष्टि स्थल का हवाला देकर बाकी जांच पर डाला पर्दा

अमेठी

**अमृत विचार।** विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बोझी भूलामऊ में विकास के नाम पर लाखों रुपये हेरा फेरी करने का आरोप है। मनरेगा के तहत खोदे गए तालाब में फिर से मिट्टी डालकर कब्जा करने का भी आरोप है। इतना ही नहीं जल संचयन के लिए खोदे गए तालाब में जेसीबी लगाकर मिट्टी बेंचने का भी आरोप पहले लग चुका है। इन सब पर तथ्यों के आधार पर 29 दिसम्बर को खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिस पर बीडीओ बहादुरपुर को जांच मिली थी। लेकिन बीडीओ ने जिन पर आरोप लगा था उन्हीं को जांच अधिकारी नियुक्त कर आख्या प्रेषित कर दी।

एक बार फिर जांच के नाम पर मनमानी करने का मामला सामने आया है। विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बोझी भूलामऊ में बीते एक वर्ष में टाइड व अनटाइड फंड के तहत ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरी के जरिये करीब 22 लाख रुपये खर्च किये गए है। अंत्येष्ट स्थल निर्माण में भी करीब इतनी ही रकम खर्च हुई है, लेकिन उसके भी हालात जस के तस है। तालाब में मिट्टी डालकर कब्जा करने सहित जल संचयन के लिए खोदे गए तालाब में जेसीबी लगाकर मिट्टी निकालने जैसे तमाम अनियमितता का आरोप है। इन मुद्दों पर साक्ष्य संकलन कर बीते वर्ष 29 दिसम्बर को अमृत विचार ने "बोझी भूलामऊ में विकास के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट" शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने पर डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने खण्ड विकास अधिकारी विजयंत सिंह को जांच सौंपी थी। बीडीओ ने जिन सेक्रेटरी पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगा था, उन्हीं को जांच अधिकारी नियुक्त कर अपने किये कराए गए कामों में लीपापोती कर आख्या मांगी गई थी। सेक्रेटरी ने जांच आख्या में सौंपी रिपोर्ट में सिर्फ अंत्येष्टि स्थल का जिक्र कर विकास कार्य और स्वच्छ भारत मिशन पर खर्च किये गए लाखों रुपये के विवरण का कहीं कोई जिक्र ही नहीं किया गया। इस पर सवालिया निशान उठना शुरू हो गया है कि जिसने धन का दुरुपयोग किया है। वह अपनी करतूतों को जांच आख्या में कैसे उजागर करेगा।

**इन विकास कार्यों के नाम पर खर्च किये गए पैसों का विवरण**

- 6 अगस्त 2022 को एक लाख 53 हजार 747 रुपये- अनटाइड फंड
- 22 अगस्त 2022 को 2 लाख 83 हजार 248 रुपये- अनटाइड फंड
- 13 सितंबर 2022 को 2 लाख 30 हजार 620 रुपये- अनटाइड फंड
- 30 सितंबर 2022 को 62 हजार 9 रुपये- अनटाइड फंड
- 31 सितंबर 2022 को 64 हजार 700 रुपये-अनटाइड फंड
- 1 मई 2022 को 4 लाख 19 हजार 509 रुपये-अनटाइड फंड
- 31 दिसम्बर 2022 को 62 हजार 99 रुपये-अनटाइड फंड
- 14 फरवरी 2023 को एक लाख 54 हजार 993 रुपये - अनटाइड फंड
- 1 मार्च 2023 को 2 लाख 32 हजार 539 रुपये-अनटाइड फंड
- 31 मार्च 2023 को 2 लाख 85 हजार 605 रुपये-अनटाइड फंड
- 6 मई 2022 को एक लाख 20 हजार 520 रुपये (पंचायत भवन में बैटरी, इन्वर्टर, सोलर पैनल) के लिए
- 23 जून 2022 को 21 हजार रुपये हैंड पम्प मरम्मत व मटेरियल के नाम पर
- 2 जुलाई 2022 को 54 हजार 561 रुपये (गांव पूरे लाला में सुखराम के घर से शिव लाल के घर तक नाली निर्माण)
- 2 जुलाई 2022 को ही एक लाख 7 हजार 288 रुपये (शिवनाथ के घर से रामबहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण)
- 22 जुलाई 2022 को 12 हजार 500 रुपये ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर
- 10 नवंबर 2022 को 10 हजार रुपये (गोवंश आश्रय स्थल में पशुओं के नैतिक भरण पोषण के नाम पर)

**अंत्येष्टि स्थल के नाम पर हुए भुगतान का विवरण**

- 23 जुलाई 2022 को 2 लाख 64 हजार 594 रुपये
- 31 दिसम्बर 2022 को 5 लाख 96 हजार 820 रुपये
- 18 जनवरी 2023 को 10 लाख 15 हजार 968 रुपये

> खुद पर लगे आरोपो की जांच स्वयं नहीं की जा सकती है, हो सकता है कि डीपीआरओ ने आख्या मांगी होगी, गहनता से जांच कराई जाएगी।
>
> -सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी

## भारत बंद का किसान कर रहे समर्थन

अमेठी

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव के पहले पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच को रोकने के लिए सरकार और पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की चर्चा नगर से गांव तक हो रही है। किसान संगठनों ने आन्दोलन के समर्थन में सरकार काविरोध शुरू कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 16 फरवरी को औद्योगिक हड़ताल और ग्रामीण बंद का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से मांग पत्र का पर्चा जारी किया गया है। किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं को रेलवे स्टेशन गौरीगंज के पास बुलाया गया है। नमो सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने का वादा 2014 में किया था। यह वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पिछले किसान आंदोलन के दौरान केन्द्र सरकार झुकी थी और किसान संगठनों से वार्ता कर कृषि कानून वापस लिए थे। लोक सभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले एक बार फिर हरियाणा और पंजाब के किसान आंदोलित हैं। सरकार उन्हें शम्भू बार्डर से आगे नहीं बढ़ने दें रही है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सभी संगठन आन्दोलन का समर्थन कर रहे हैं।

## घटिया निर्माण कार्य होने की बीडीओ से शिकायत

अमेठी

**अमृत विचार।** संग्रामपुर विकासखंड के पुन्नपुर ग्राम सभा में हो रहे दिव्यांग शौचालय निर्माण में गांव निवासी युवक ने घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाते हुए गुरुवार को संग्रामपुर बीडीओ को शिकायती पत्र देते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

पुन्नपुर निवासी ग्रामीण सत्यम का आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से ग्राम सभा में हो रहे दिव्यांग शौचालय निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।


पीली ईंट दिखाता ग्रामीण।

घटिया क्वालिटी के ईंट व मोरंग की जगह रेत से दिव्यांग शौचालय का निर्माण हो रहा है। जो की मानक व गुणवत्ता विहीन है। ग्रामीण ने शिकायती पत्र के साथ-साथ संग्रामपुर बीडीओ शिव पूजन भारती को निर्माण

- ग्रामीण ने ब्लॉक पहुंचकर बीडीओ को दिखाया निर्माण में लग रही ईंट व रेत का सैंपल

कार्य में प्रयोग हो रहे रेत व ईंट का सैंपल भी दिखाया। जिस पर ग्रामीण का कहना है कि बीडीओ ने कहा कि बांदा से इंजीनियर बुलवाकर जांच करायेंगे। वहीं ग्रामीण सत्यम ने बताया कि फोन के माध्यम से अमेठी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को दिव्यांग शौचालय में घटिया सामग्री प्रयुक्त होने की शिकायत की गई है। वही संग्रामपुर बीडीओ शिवपूजन भारती ने बताया कि मौके पर एडीओ पंचायत को भेजकर जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### युवा क्रिकेट क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत


टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

**फुरसतगंज,अमेठी।** ब्रहस्पतिवार को पीढ़ी ग्राम प्रधान मनोज मौर्य ने युवा क्रिकेट क्लब द्वारा अयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिसमें चार टीमो ने गुरुवार को मैच खेला। पहली पारी में पुरे सूबेदार व ब्रहमनी के बीच हुए मैच में ब्रहमनी ने टास जीतकर पुरे सूबेदार को बल्लेबाजी का मौका दिया। जिसमें पुरे सूबेदार ने 10 ओवर में 66 रन बनाए। उनका पीछा करते हुए 8 ओवर में 44 रन बनाकर ब्रहमनी की पूरी टीम आउट हो गई। दूसरी पारी में रानी का पूरवा व निगोहा के बीच हुए मैच में टास जीतकर रानी का पुरवा ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 76 रन बनाये और निगोहा की टीम 53 रन बनाकर 8 ओवर में आल आउट हो गई। कार्यक्रम में अयोजक उमेश कुमार तिवारी एडवोकेट, मुकेश मौर्य, अनुज बाजपेयी अशोक तिवारी, अंकित, यादव अभय यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने मंदिर से युवक को किया गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान करपिया मोड़ रेलवे क्रासिंग के पास से चोरी के 8 घंटे के साथ युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा दिया है। बुधवार की रात को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा मय हमराही कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान करपिया मोड़ रेलवे क्रासिंग के पास से चोरी के 8 घंटे के साथ अभियुक्त दुर्जन पासी पुत्र मंगरु निवासी करपिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछतांछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैंने अपने मित्रों राम प्रवेश उर्फ नन्हू पुत्र सुखराम निवासी करपिया व घनश्याम पासी उर्फ नाटे पासी पुत्र रामसुंदर पासी निवासी हरदोईया थाना मुसाफिरखाना अमेठी के साथ मिलकर 15, 16जनवरी की रात्रि में समशेरिया गांव के दुर्गन भवानी मंदिर से कुल 18 छोटे- बडे.घंटे चोरी किए थे। जिनमें से 10 घंटे मेरे साथियों ने कहीं बेच दिये थे। उससे प्राप्त रूपयों को हम लोगो ने आपस में बराबर बांट लिया था। बरामद 8 घंटे मंदिर के चोरी के हैं। कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा दिया है।

# जायस जन्मस्थली के शान बन गए प्रेम के पीर बेर


जायस कस्बा की एक बाग में बेर के गुच्छों से लदा पेड़। अमृत विचार

एके चौधरी, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** बेर जो कभी भगवान श्रीराम को रिझाने में शबरी के लिए मददगार साबित हुए थे, वही बेर गुरु गोरखनाथ और प्रेम के पीर जायसी की जन्मस्थली जायस की शान बन गए हैं। अपने खास स्वाद के चलते यह फल तमाम सीमाओं को तोड़कर पड़ोसी राज्यों के दिलों में भी मिठास घोल रहा है।

जिले की उसर-बंजर जमीन में किसानों के लिए बेर की खेती मुनाफे का धंधा साबित हो रही है। यहां पैदा होने वाली नाजुक बदन, अरस व प्यौंदी बेर की प्रजातियां अपने अनोखे स्वाद के चलते लोगों को खूब रिझा रही हैं।

**खाने से मिलती है स्फूर्ति**

आयुर्वेद की मानें तो बेर में शरीर को स्फूर्ति और ऊर्जा प्रदान करने वाले अनेक तत्व पाए जाते हैं। बेर विटामिन सी का भी अच्छा स्रोत है।

**झाड़ियों में फल रहा पैसा**

जायसी नगरी में झाड़ी में पैसा फल रहा है। यहां बेर के बगीचे धीरे-धीरे कुटीर उद्योग का रूप धारण कर चुके हैं। स्थानीय किसान बेर के बगीचे में ही जीवन की हरियाली तलाशने में लगे हैं।

**जायस के आस-पास फैले बेर**

जायस के आस-पास दस किमी की परिधि में बेर के तमाम छोटे-बड़े बाग फैले हुए हैं। यहां महीनों पहले से बेर के कारोबारियों ने अपना डेरा जमा लिया है। अशरफपुर, गफूर, बेहटा, कुढ़ा, कांटा, भेलिया, पूरे मियां आदि तमाम गांवों में बेर की दर्जनों प्रजातियों के पेड़ लगे हुए हैं।

**पूरे बाग की होती है बिक्री**

बेर की खेती करने वाले किसानों का कहना है कि व्यापारी पूरा का पूरा बाग फूल आने के समय ही खरीद लेते हैं और पूरे सीजन बेर के धंधे के साथ वह बाग की भी देखरेख करते हैं। मुंशीगंज के पप्पू सोनकर ने जायस के बेहटा में बेर का बाग ले रखा है। उसका कहना है कि यहां का बेर यूपी के बाहर बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश और दिल्ली के साथ ही नेपाल तक भेजे जाते हैं।

**प्रतिदिन होती है अच्छी कमाई**

जायस में एक बड़े बाग के मलिक इरफ़ान अजीज कहते हैं कि बेर की खेती मुनाफे वाली है। बेर की छोटी सी दुकान करने वाले रामदेव प्रतिदिन तीन सौ से चार सौ रुपये की कमाई की बात कहते हैं।

**शिव जी को भी प्रिय हैं बेर**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बेर का फल भगवान शिव को भी बहुत प्रिय हैं। शिवरात्रि पर लोग बेर का चढ़ावा चढ़ाते हैं। शिवरात्रि करीब होने के चलते बेर की मांग बढ़ गई है।

**प्यौंदी के बेर की बढ़ी मांग**

मुलायम और लंबी किस्म का बेर नाजुक बदन लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। इसमें से रस टपकता सा दिखता है। इसके अलावा प्यौंदी बेर की भी काफी मांग है। यह बेर मीठा, लंबा और रसीला होता है। मध्यम आकार वाली बेर की प्रजाति अरस के दीवाने भी कम नहीं हैं। गोलऊ, बगऊ, फैंसी, कड़ाका और पंजाबी बेर के दीवाने भी कम नहीं हैं।

## बाउंड्री विहीन प्राथमिक विद्यालय में बच्चे असुरक्षित



बिना बाउंड्रीवाल के प्राथमिक विद्यालय लखनीपुर। अमृत विचार

**जगदीशपुर, अमेठी।** स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री वाल न होने से पठन-पाठन करने वाले बच्चे असुरक्षित हैं। विकास खण्ड अंतर्गत जगदीशपुर में सत्थिन रोड पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनीपुर जहां विद्यालय में बिल्डिंग तो बन गई है। परंतु बाउंड्रीवाल न होने के चलते विद्या अध्ययन करने वाले छात्रों को आए दिन अवारा पशुओं से जान का खतरा बना रहता है। विद्यालय के स्टाफ ने बताया कि बाउंड्री वाल के लिए आला अफसरों को शिकायती पत्र भी भेजा गया है। परंतु अभी तक बाउंड्री वाल नहीं बन पाई। जिसके चलते आए दिन अवारा पशु विद्यालय में घुसकर छात्रों के पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान का कहना है कि विद्यालय की जमीन पर कुछ विवाद बना हुआ है। इसी कारण वश बाउंड्री वाल का कार्य नहीं हो सका। विवाद हल होने के पश्चात बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

**कौशल विकास मिशन** | निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय किटियांवा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन

# रोजगार मेले में 96 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अमेठी



नियुक्ति पत्र के साथ अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्लेसमेंट अधिकारी कौशल विकास मिशन, आईटीआई गौरीगंज अजय कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में शाहगढ़ विकासखंड अंतर्गत निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय किटियांवा परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक, संस्थापक निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय शिवप्रसाद कश्यप ने शुभारंभ किया।

पूर्व विधायक ने समस्त अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने एवं रोजगार मेले आयोजित करने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। रोजगार मेले में 4 प्लेसमेंट कम्पनियों में ऊषा सिलाई मशीन, पुखराज हेल्थ केयर, एसआईएस सिक्योरिटी तथा ग्रीन काल के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 185 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 96 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 10 रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

- चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक मृत्युंजय तिवारी, विवेक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूरे ताज ए टीम रही विजेता

मुसाफिरखाना, अमेठी


वालीबॉल खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामसभा मोहिउद्दीनपुर में गुरुवार को पूरेताज वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है।

इस तरह के खेलकूद गतिविधियां जहां आज कल की पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। वहीं मनुष्य का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित करती हैं। उद्घाटन मैच पूरे ताज ए व पूरेताज बी के बीच खेल गया। जिसमें पूरे ताज ए उद्घाटन मैच विजेता रही। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय व अंतर्जनपदीय टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, रसूलाबाद, धराएं सहित दर्जनों टीमों ने लीग व क्वार्टर फाइनल खेले। देर शाम तक खेले गए मैचों में दर्शकों ने जोरदार प्रदर्शन का आनंद उठाया।

इस मौके पर रवि तिवारी, राजू ओझा, नफीस अहमद, जहीर अहमद, सोहेल अहमद, जीशान, मेहताब, रवी उल्ला, असफाक उल्ला, हर्ष यादव, राजेश पाठक, अर्जुन मौर्य, सहीम सहित आदि लोग उपस्थिति रहे।

